डाक पंजीयन नं. 99/2021–23
E-mail:-aadhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com


PG,5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


PG,8

सिनेमः प्रेग्नेंट काजल अग्रवाल ने 'बॉडी शेमिंग.............

वर्ष -07 अंक -337 | प्रयागराज, शुक्रवार 11 फरवरी, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी का राहुल पर करारा हमला, बोले- उस व्यक्ति का कैसे जवाब दूं जो सुनता नहीं और ना तो सदन में बैठता है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा हमला बोला। समाचार एजेंसी एएनआइ को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि संबंधित मंत्रालयों की ओर से विपक्ष के सवालों के विस्तृत जवाब दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम किसी पर व्यक्तिगत तौर पर हमला नहीं करते हैं, हम संवाद करने में विश्वास करते हैं। अक्सर संसद में वाद-विवाद टोक ताकी होती हैं। इसे लेकर मैं नाराज होने की मेरे पास कोई वजह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- मैंने हर विषय पर तथ्य परक जवाब दिए हैं और तथ्यों के आधार पर बात की है। कुछ विषयों पर हमारे विदेश और रक्षा मंत्रालय ने विस्तृत जवाब दिए हैं। यही नहीं जहां भी जरूरी था मैंने बात की। मीडिया के कुछ हल्कों में लोकसभा में पीएम मोदी की ओर से दिए गए जवाबों को लेकर उठाए गए सवालों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बताइए मैं उस सांसद का कैसे जवाब दूं जो नहीं सुनता है और ना तो सदन में बैठता है।

### संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- हिंदू हित ही राष्ट्रहित, यही होनी चाहिए पहली प्राथमिकता

**हैदराबाद।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कि हिंदू इतने सक्षम हैं कि किसी के पास उनके खिलाफ खड़े होने की ताकत नहीं है। हिंदू समुदाय किसी के प्रति विरोधी नहीं है। बता दें कि भागवत बुधवार को हैदराबाद में संत श्री रामानुजाचार्य की जयंती समारोह में भाग लेने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हमारे पास इतना सामर्थ्य है कि किसी के पास हमारे सामने खड़े रहने की ताकत नहीं है।' उन्होंने ये भी कहा कि हिंदू समाज किसी का विरोधी नहीं है। भागवत ने आगे कहा, 'हम सदियों से कायम हैं और फलते-फूलते रहे हैं। जिन लोगों ने 1,000 वर्षों तक हिंदुओं को नष्ट करने की कोशिश की, वे अब दुनिया भर में आपस में लड़ रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के डर का एकमात्र कारण यह है कि वे भूल गए हैं कि वे कौन हैं।

## अराजनीति में परिवारवाद पर पीएम मोदी के तीखे बोल, कहा- समाजवादी पार्टी को सिर्फ अपने परिवार की चिंता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एक साक्षात्कार के दौरान 'वंशवादी की राजनीति' पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में परिवारवाद एक बड़ा खतरा है और यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है। इससे राजनीति में आने वाली प्रतिभा को गंभीर रूप से समझौता करना पड़ता है। एएनआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने 'फर्जी समाजवादी' ताने के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह दल 'परिवारवाद' को लेकर चिंतित हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें पूर्व में एक पत्र मिला था जिसमें कहा गया था कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में परिवार के 45 लोग हैं जो विभिन्न पदों पर हैं। साक्षात्कार के दौरान प्रधानमंत्री ने समाजवादी नेताओं राम मनहोर लोहिया और जार्ज फर्नाडीस का भी उल्लेख किया। पीएम ने सवाल किया कि क्या उन्होंने कभी अपने परिवारों पर जोर दिया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि वो भी समाजवादी नेता हैं। पीएम मोदी ने साफ किया कि जब वो नकली समाजवाद कहते हैं, तो यह 'परिवारवाद' है उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने हमेशा परिवार पर जोर दिया। पीएम ने बताया कि उन्हें किसी ने मुझे एक बार पत्र भेजा था कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में परिवार के 45 लोग हैं, साथ ही बताया कि लगभग 25 वर्ष की आयु के सभी लोगों को चुनाव लड़ने का अवसर मिला है। यह वंशवाद की राजनीति लोकतंत्र के लिए खतरा है। वहीं बीजेपी में वंशवाद के आरोपों पर पीएम मोदी ने साफ किया कि एक परिवार से एक-दो लोगों को पार्टी से टिकट मिलना और पूरे परिवार का पार्टी के पदों पर होने में अंतर है।



## सामरिक खतरों को देखते हुए भारत के रक्षा बजट में 'मेक इन इंडिया' पर जोर

**नई दिल्ली।** वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र का हिस्सा 5,25,166 करोड़ रुपये है। यह धनराशि 2022-23 के कुल वित्त बजट के 13 प्रतिशत के लगभग है। साल 2021-22 के लिए कुल रक्षा बजट 4,78,196 करोड़ रुपये था। इस तरह रक्षा बजट में करीब 9.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। इसके साथ ही सीमा पर चल रही सामरिक चुनौतियों का दीर्घकालिक समाधान निकालने के लिए सैन्य साजो सामान के निर्माण में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए विशेष जोर दिया गया है। भारत के लिए रक्षा बजट का विशेष महत्व इसलिए बढ़ जाता है, क्योंकि भारत के दो सीमाई मोर्चे पर हमेशा तनातनी चलती रहती है। भारत की रक्षा चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। भारत के पुराने प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ एलएसी पर तनाव चलते हुए काफी दिन हो चुके हैं। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में सीमाओं पर चीनी सैन्य अतिक्रमण और रोबोट सेना की तैनाती के प्रयास इसके प्रमुख उदाहरण हैं। लद्दाख में चीन की चुनौती को देखते हुए तकरीबन 50 हजार सैनिकों की तैनाती की जा चुकी है। इसके अलावा वहां पर टैंकों, विमानों एवं मिसाइलों की तैनाती कर दी गई है ताकि कभी भी युद्ध की स्थिति से निपटा जा सके। ऐसे में और अधिक रक्षा बजट बढ़ाने की आवश्यकता नजर आ रही थी। पाकिस्तान की सीमा पर खतरे एवं चुनौतियां बरकरार हैं। वह आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराता है तथा उन्हें पाल पोसकर भारत भेजता है, ताकि भारत की तरक्की की रफ्तार को रोका जा सके। साथ ही चीन की समुद्री क्षेत्र में बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए भारतीय नौसेना के सामने हिंद महासागर से लेकर अरब सागर तक चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं। इसके लिए नौसेना युद्ध समूहों के गठन और नौसेना की एयर विंग को मजबूत करना परम आवश्यक हो गया है। हिंद महासागर में उभरते खतरों को देखते हुए नौसेना के बजट में 44.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसी तरह वायु सेना के आवंटन में 4.5 प्रतिशत तथा थल सेना के लिए 12.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई जो कि कम है। यह भी सर्व विदित है कि पाकिस्तान व चीन सहित विश्व के अनेक देश भारत की तुलना में सुरक्षा पर अधिक धन खर्च कर रहे हैं। ऐसे में भारत को अपनी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक हो गया था। सीमा पर तनाव को देखते हुए सैन्य साजो सामान की विशेष आवश्यकता थी। इन्हीं चुनौतियों के कारण भारत सीमावर्ती क्षेत्रों में अपना सुरक्षा ढांचा भी मजबूत कर रहा है। भारत का रक्षा बजट वैसे तो पांच लाख करोड़ रुपये से उपर पहुंच गया है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में अभी भी कम है।



## चट्टानों के बाद अब नई मुसीबत में फंस सकता है केरल का बाबू, जानिए क्या है मामला

**तिरुवनंतपुरम।** पलक्कड़ के जंगलों में चट्टानों के बीच लगभग दो दिनों तक फंसे बाबू को कड़ी मशक्कत के बाद सेना के जवानों ने सकुशल बचा लिया था। मलमपुझा के रहने वाले 23 वर्षीय ट्रैकर बाबू चट्टानों से तो निकल गया, लेकिन अब नई मुसीबत में फंस सकता है। दरअसल, बाबू के खिलाफ वन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया जा सकता है। वन अधिकारी नियमों के उल्लंघन को लेकर बाबू के खिलाफ केस दर्ज कर सकते हैं। सूत्र के अनुसार, राज्य के वन मंत्री एके शशिंद्रन ने इसको लेकर उच्च वन अधिकारी से बात की और पूछा है। ट्रैकर बाबू 7 फरवरी को कूर्मबाची पहाड़ी की दरार में फंस गया था। दरअसल, बाबू अपने तीन दोस्तों के साथ पहाड़ी पर चढ़ गया था और नीचे आते समय फिसल कर गिर गया था। बाबू को उसके दोस्तों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। दोस्त पहाड़ी से नीचे भागे और स्थानीय लोगों को जानकारी दी। बाबू को बचाने के लिए आनन-फानन बचाव दल बुलाया गया, लेकिन बचाव दल युवक को बाहर निकालने में असफल रहा। राज्य सरकार ने फिर सेना की मदद मांगी। मंगलवार सुबह से ही युवक को बचाने के लिए रेस्क्यू आपरेशन जारी कर दिया था, लेकिन अंधेरा होने के कारण बचाव कार्य बीच में ही रोकना पड़ा। बचाव कार्य बुधवार सुबह फिर शुरू हुआ और सेना के जवानों ने बाबू को सकुशल बाहर निकाल लिया। चट्टानों से बाहर निकालने के बाद बाबू को फौरन अस्पताल में भर्ती कराया गया, क्योंकि लगभग 40 घंटों तक उसने कुछ खाया-पिया नहीं था।



## इसरो 14 फरवरी को करेगा इस साल के लांच मिशन की शुरुआत, PSLV-C52 ले जाएगा EOS-04 उपग्रह

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2022 के अपने लांच मिशन की शुरुआत 14 फरवरी को करेगा। स्पेस एजेंसी उस दिन पीएसएलवी-सी52 राकेट से अर्थ आब्जर्वेशन सेटेलाइट (ईओएस-04) को ध्रुवीय कक्षा में भेजेगी। इसरो ने कहा कि आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के लांच पैड से सोमवार को सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर पीएसएलवी-सी52 को लांच किया जाएगा। इसके लिए 25 घंटे 30 मिनट की काउंटडान की प्रक्रिया 13 फरवरी को सुबह चार बजकर 29 मिनट पर शुरू होगी। पोलर सेटेलाइट लांच व्हीकल यानी पीएसएलवी-सी52 को 1,710 किलोग्राम के ईओएस-04 को कक्षा में पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसरो ने बताया कि ईओएस-04 के साथ ही दो छोटे सेटेलाइट भी भेजे जाएंगे। इनमें छात्रों के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट आफ स्पेस साइंस एंड टेकनेलाजी (आइआइएसटी) का इंस्पायर सैट-1 और दूसरा इसरो का टेकनेलाजी डेमोंस्ट्रेटर सेटेलाइट (आइएनएस-2टीडी) है जो भारत-भूटान का संयुक्त उपग्रह है।

## अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए सरकार ने जारी किए नए दिशानिर्देश, 14 फरवरी से सात दिनों का अनिवार्य होम क्वारंटाइन हटाया

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा कम होने के साथ ही सरकार ने पाबंदियों में ढिलाइ देनी शुरू की है। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने 14 फरवरी से देश में आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए नए कोविड-19 दिशानिर्देश जारी किए हैं। नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार अब विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद सात दिनों की अनिवार्य आइसोलेशन की आवश्यकता नहीं होगी केंद्र सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक सभी यात्री आगमन के बाद 14 दिनों तक खुद अपने स्वास्थ्य की मानीटरिंग करेंगे। यदि यात्रियों में स्व-स्वास्थ्य की निगरानी के दौरान कोविड-19 के संकेत नजर आते हैं तो वे तुरंत आइसोलेट हो जाएंगे। साथ ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र को रिपोर्ट करेंगे या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर (1075)/राज्य हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी गाइडलाइंस 14 फरवरी से प्रभावी होगी नवीनतम दिशानिर्देशों के मुताबिक यात्रा शुरू करने के 72 घंटे पहले की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट अपलोड करने की अनिवार्यता के अलावा यात्री अपना पूर्ण टीकाकरण का प्रमाण पत्र दिखा सकते हैं। यही नहीं सरकार ने उच्च ओमिक्रोन केस लोड वाले विभिन्न देशों के लिए 'एट रिस्क' मार्किंग को भी हटा दिया है। सरकार ने विदेश से भारत आने वालों के लिए सात दिन के अनिवार्य होम क्वारंटाइन से राहत दी है। इसके बजाए यात्रियों को 14 दिन तक अपने स्वास्थ्य पर खुद नजर रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। नई गाइडलाइंस के मुताबिक स्पष्ट है कि अब जोखिम वाले देशों और अन्य देशों से आने वालों के बीच कोई फर्क नहीं रहेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक संबंधित एयरलाइंस एवं ट्रेवल एजेंसियों को यात्रियों को टिकट देने के साथ ही भारत में जारी कोरोना प्रोटोकाल से संबंधित नियमों की जानकारी देनी होगी। विमान में सवार होने वाले यात्रियों को मोबाइल में आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करना होगा। यात्रा के दौरान किसी यात्री में लक्षण नजर आने पर उसे निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार आइसोलेट करना होगा।



## छात्राओं के समर्थन में उतरीं TRS नेता के. कविता, कहा 'चाहे हम जो भी पहनें, हम हैं हिंदुस्तानी'

**हैदराबाद।** कर्नाटक हिजाब विवाद को लेकर तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की नेता कलवकुंतला कविता भी छात्राओं के समर्थन में आ गई हैं। उन्होंने हिजाब विवाद के समर्थन में विरोध कर रही छात्राओं के समर्थन में आवाज उठाई है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा कि, महिलाओं को यह तय करने दें कि वे गले लगाने और पहनने में क्या सहज महसूस करती हैं।। टीआरएस नेता ने ट्वीट किया, सिंदूर पहनना और लगाना मेरी सचेत पसंद है। हिजाब पहनना मुस्कान की पसंद है। महिलाओं को यह तय करने दें कि वे गले लगाने और पहनने में क्या सहज महसूस करती हैं। टीआरएस नेता कविता ने ट्वीटर पर एक कविता को भी शेयर किया है। उन्होंने अपनी कविता में लिखा है कि, विभाजनकारी ताकतों की हरकतों के बावजूद हम सब एक हैं, हम भारतीय हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन शैली का चुनाव और कपड़ों का चुनाव एक व्यक्तिगत पसंद है, और भारत के विचार का मूल्यांकन इस धारणा से नहीं किया जा सकता है कि समाज का एक निश्चित वर्ग महिलाओं और धर्मों के व्यवहार की अपेक्षा करता है। बता दें कि, कर्नाटक में हिजाब पहनने पर विवाद की शुरुआत उडुपी जिले के सरकारी पीयू कालेज में मुस्लिम समुदाय की 6 छात्राओं को हिजाब पहनने पर कक्षाओं में प्रवेश न करने देने से हुआ था। इसके बाद ये मामला कर्नाटक हाईकोर्ट में पहुंच गया। हालांकि एक दिन पहले जब कुछ भगवा गमछा पहने छात्रों ने एक लड़की का रास्ता रोका तो इस मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया। शिक्षा बोर्ड ने एक सर्कुलर जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि छात्र केवल स्कूल प्रशासन द्वारा अनुमोदित ड्रेस पहन सकते हैं, और कालेजों में किसी भी अन्य धार्मिक प्रथाओं की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन विरोध प्रदर्शनों के बाद सभी विश्वविद्यालयों में 9 से 11 फरवरी तक तीन दिन की छुट्टी घोषित की गई है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राज्य में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए छात्र समुदाय और आम जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।




## रिकवरी के बाद भी परेशान कर रहा कोरोना, संक्रमण के बाद तीन में से एक बुजुर्ग में पैदा हुई नई स्वास्थ्य समस्याएं

**बोस्टन।** वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमित हुए एक तिहाई बुजुर्गो में प्रारंभिक संक्रमण के महीनों बाद स्वास्थ्य संबंधी कम से कम एक नई समस्या पैदा हुई, जिसका उन्हें इलाज करना पड़ा। विज्ञानियों का यह विश्लेषणात्मक शोध निष्कर्ष बीएमजे' नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। अमेरिका स्थित आप्टम लैब्स और हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं ने बाताया कि बुजुर्गो में दिल, किडनी, फेफड़े एवं लिवर के साथ-साथ मानसिक समस्याएं भी पैदा हुईं। उन्होंने अमेरिका के स्वास्थ्य बीमा योजना रिकार्ड के आधार पर वर्ष 2020 में 65 या उससे अधिक उम्र के 1,33,366 बुजुर्गों की पहचान की, जिनमें एक अप्रैल से पहले कोविड-19 संक्रमण का पता चला था। इनका वर्ष 2020 व 2019 के गैर कोविड संक्रमितों के समूह व लोअर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट में संक्रमण के कारण बीमार लोगों के साथ तुलना की गई। इस दौरान उनकी उम्र, लिंग व समूह का ध्यान रखते हुए कोविड-19 की वजह से अस्पताल में भर्ती किए जाने के अत्यधिक खतरे का आकलन किया गया। परिणाम बताते हैं कि वर्ष 2020 में कोरोना संक्रमित हुए बुजुगी में से 32 प्रतिशत में संक्रमण से ठीक होने के बाद स्वास्थ्य संबंधी नई समस्याएं पैदा हुईं, जो वर्ष 2020 के तुलना समूह से 11 प्रतिशत ज्यादा थीं। शोधकर्ताओं ने कहा, 'हमारा यह अध्ययन संभावित बीमारियों के खतरे का आकलन करने और स्वास्थ्य संसाधनों के इस्तेमाल में मददगार साबित होगा।





# चुनाव में चौकीदारों का अहम दायित्व सीओ -राम सागर

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** गांव में चौकीदारों का महत्व एवं उनकी भूमिका विशेषकर चुनावी माहौल में अहम मानी जाती है। उक्त बातें फूलपुर कोतवाली पर आयोजित चौकीदारों की मीटिंग में सीओ राम सागर ने कही। गांव में कोई भी घटना कानून व्यवस्था संबंधी अवैध शराब बनाने बेचने वोटरों को प्रलोभन देने, साड़ी कपड़ा कंबल पैसा शराब बांटने की गुप्त सूचना समस्त चौकीदार घूमकर एकत्रित करते हुए थाना प्रभारी के मोबाइल पर दे। चौकीदार गांव का सजग प्रहरी है। ऐसा कोई काम क्षेत्र में गैरकानूनी हो तो चौकीदार सही ढंग से अपनी भूमिका का निर्वाह करें। मौके पर मौजूद फूलपुर की आबकारी निरीक्षक नेहा सिंह ने कहा। पड़ोसी जिले प्रतापगढ़ से अवैध जहरीली शराब की खेप बॉर्डर होने के नाते यहां चोरी से लाई जाती है। पाउच बांटने वालों पर सतर्क निगाह रखें। गांव के खडहर, सुनसान इलाका घनी



बगिया आदि में लहन बनाई जाती हो तो तुरंत सूचना दें। नकली शराब स्प्रिट से बना कर लोग चोरी से बेचते हैं। जो पूर्णतया जहरीली होती है। उस पर विशेष नजर रखें। सरकारी ठेके से 5 पाव से अधिक जैसे कोई पेटी भर माल लेता है। तो उसकी भी सूचना दी जाए। थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने अपना एवं सीओ तथा आबकारी इस्पेक्टर का मोबाइल नंबर समस्त 26 चौकीदारों को देते हुए चुनाव भर पूरी चौकीदारी करने का निर्देश दिया। थाने पर प्रतिदिन पांच से छः चौकीदार अपनी वर्दी पेटी लाठी में आकर हाजिरी लगाएं तथा कस्बे में गस्त भी करें। मौके पर चौकी इंचार्ज विनय द्विवेदी तथा अन्य उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने तोड़ डाली पुलिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** फूलपुर से मुबारकपुर की ओर जा रही गिट्टी लदी तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर अतरौरा गांव की पुलिया में ठोकर मार दी। जिससे पुलिया तो क्षतिग्रस्त हुई ही वहां खड़े दर्जनों लोग बाल-बाल बच गए। बता दे आजकल मुबारकपुर रोड पर दिन रात ओवरलोड ट्रके फर्राटा भर्ती नजर आती हैं। जिसके कारण नहर की पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस पर किसी प्रकार की प्रशासनिक रोक टोक नहीं लग पा रही है।



# सीनियर एडवोकेट के पुत्र ने कि सी ए की परीक्षा उत्तीर्ण

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

प्रयागराज। ऐतिहासिक कस्बा फूलपुर मैं कई होनहार आई ए एस पी सी एस डॉक्टर व इंजीनियर दिए हैं लेकिन पहली बार कस्बे से कोई छात्र जिसने देश की सबसे कठिन तम



परीक्षाओं में से एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर कस्बे का मान सम्मान बढ़ाया है फूलपुर कस्बे के पूरा अच्छाई निवासी व वरिष्ठ अधिवक्ता जीएसटी शकील जैदी के पुत्र फजील जैदी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता हासिल की फजील जैदी ने अपनी इस सफलता के लिए मां-बाप की दुआओं वह अपनी परिश्रम एवं संकल्प वह पढ़ाई में निरंतरता को श्रेष्ठ दिया है उनके इस सफलता पर पूरे कस्बे में जशन का माहौल है वही लोगों ने कहा है कि उनको फजील जैदी पर गर्व है और उन्हें बधाई देने के लिए शकील अहमद एडवोकेट सरफराज अहमद पत्रकार महताब आलम इलियास अहमद सुहेल अहमद जुनेद जैदी तौसीफ जैदी कुरेश अहमद नसीरुद्दीन राईन कुमार मंगल ने मुबारकबाद एवं बधाई दी

# बिजली बिल रिकार्ड के साथ यूपी पावर कारपोरेशन के यह दो अधिकारी हाई कोर्ट में तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव पावर एवं एनर्जी लखनऊ तथा प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को रिकॉर्ड के साथ 15 फरवरी को तलब किया है और पूछा है कि पिछले चार वर्ष से याची से निराधार भारी राशि की मांग कर किन परिस्थितियों में उसे परेशान किया जा रहा है। हाई कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह बताने के लिए कहा है कि क्यों न मिलक रामपुर के उपभोक्ताओं के बिजली बिल आडिट कराया जाय। याचिका की सुनवाई 15 फरवरी को होगी यह आदेश न्यायमूर्ति एस पी केसरवानी तथा न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने पुत्तन की याचिका पर दिया है।

# मुज्तबा सिद्दीकी जीतकर बहायेंगे विकास की गंगा नसीरुद्दीन राईन

प्रयागराज।256 विधानसभा फूलपुर के लोकप्रिय सपा प्रत्याशी हाजी मुज्तबा सिद्दीकी के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महजुदवा,बर्जीबरा,कटौता



मनिकापुर, बौड़ाई, आदि गांवों में जनसंपर्क कर मुज्तबा सिद्दीकी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया गया इस दौरान फूलपुर प्रभारी राम सुमेर पाल ने कहा की 2012 समाजवादी पार्टी की सरकार में अखिलेश यादव द्वारा किए गए 108,102 एम्बुलेंस, छात्रों नौजवानों को मुफ्त लैपटॉप समाजवादी पेंशन, मेट्रो जैसे हुए तमाम विकास कार्यो को बताया।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नसीर उद्दीन राईन ने कहा कि अखिलेश यादव के करनी कथनी में फ़र्क नहीं होता अखिलेश जी का वादा सरकार बनने पर 300 युनिट बिजली मुफ्त, किसानों को सिंचाई मुफ्त,दस लाख युवा नौजवानों को रोजगार, पांच साल अनाज मुफ्त छात्र छात्राओं को लैपटॉप जैसे तमाम योजनाएं संचालित कर प्रदेश को विकसित करने की कोशिश है प्रदेश की जनता भय मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त विकास युक्त सरकार चाहती है यह सब सिर्फ समाजवादी सरकार में ही संमभ हैं इस दौरान मुराद मंसूरी, बिरेंद्र यादव भीम,मो मसूद शारूख, परवेज आलम, सभाजीत पाल मो इरफान, रवीन्द्र पाल, चंदन सिंह, विनोद पाल, वाजिद तुफानी, शाहिद सद्दन,अरशद खान,सकील इदरीशी,आदि लोग मौजूद रहे।

# थरवई से ट्राईसाइकिल चलाकर सीओ से व्यथा बताने पहुंची दिव्यांग रुखसाना

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

फूलपुर। हाई स्कूल पास दिव्यांग रुखसाना पुत्री अ0 लतीफ अपनी व्यथा बताने थाना फूलपुर में सीओ राम सागर से मिलने आ पहुंची और रोते हुए थरवई थाना प्रभारी की शिकायत की। बताया कि थाने जाने में डर लगता है। मेरी सुनवाई कौन करें। वहां डांट कर भगा दिया जाता है। मेरे पट्टीदारों सुबराती आदि ने मेरा सब कुछ हड़प लिया है। थाने का सहयोग उनके साथ है। अपनी बूढ़ी मां बाप के बारे में भी बताया। कि उनका कोई मददगार गरीबी के नाते नहीं है। दिव्यांग की फरियाद पर सीओ फूलपुर ने थरवई थाने फोन लगाकर दिव्यांग की पूरी मदद करने तथा दबंगई करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया।



# प्रेक्षकों से मिलने के समय और सम्पर्क नम्बर व स्थल हुए निर्धारित

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद की विधानसभाओं हेतु सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये गये है। जनसामान्य प्रेक्षक के आरक्षित स्थान पर स्वयं मिलकर व मोबाइल नम्बर पर निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत या सूचना दे सकते है। विधानसभा रामपुरखास के सामान्य प्रेक्षक के0 राजेश लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-1 लालगंज के अतिथि गृह में आरक्षित है, इनका मोबाइल नम्बर 9151010075 है, इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक है, विधानसभा बाबागंज के सामान्य प्रेक्षक श्रीकान्त शास्त्री लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-1 लालगंज के अतिथि गृह में आरक्षित है इनका मोबाइल नम्बर 9151010079, इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 10 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक है, विधानसभा कुण्डा के सामान्य प्रेक्षक एलेक्स वी0के0 पॉल मेनन लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-01 कुण्डा के अतिथि गृह में आरक्षित है, इनका मोबाइल नम्बर 9151010076, इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक है, विधानसभा विश्वनाथगंज के सामान्य प्रेक्षक एस0 सरवनन लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-02 कुसफरा शनिदेवधाम के अतिथि गृह में आरक्षित है इनका मोबाइल 9151010071 है, इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक है। विधानसभा प्रतापगढ़ के सामान्य प्रेक्षक रमन एस0 ए0 लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) प्रतापगढ़ कक्ष संख्या-01 के अतिथि गृह में आरक्षित है इनका मोबाइल नम्बर 9151010074 है, इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 10 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक है, विधानसभा पट्टी के सामान्य प्रेक्षक रूगवेद मिलिन्द ठाकुर वन विभाग चिलबिला अतिथि गृह में आरक्षित है इनका मोबाइल नम्बर 9151010078 है, इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 9.30 बजे से पूर्वान्ह 10.30 बजे तक है, विधानसभा रानीगंज के सामान्य प्रेक्षक दीपेन्द्र सिंह कुशवाह लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड रानीगंज के अतिथि गृह में आरक्षित है।इनका मोबाइल नम्बर 9151010080 है इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 10.30 बजे से पूर्वान्ह 11.30 बजे तक है।कीसी प्रकार सातों विधानसभाओं हेतु पुलिस प्रेक्षक अनूप कुरूविल्ला जॉन पुलिस लाइन अतिथि गृह में आरक्षित है इनका मो0न0 9151010072 है।इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 9 बजे से पूर्वान्ह 10 बजे तक है। विधानसभा रामपुरखास, बाबागंज व कुण्डा के व्यय प्रेक्षक स्मिता वी0 नायर जिला पंचायत अतिथि गृह में आरक्षित, इनका मोबाइल नम्बर 9151010073 है, इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 10 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक है। विधानसभा विश्वनाथगंज, प्रतापगढ़, पट्टी व रानीगंज के व्यय प्रेक्षक एस0एम0 सुरेन्द्रनाथ जिला पंचायत अतिथि गृह में आरक्षित है इनका मोबाइल नम्बर 9151010077 है इनसे मिलने का समय पूर्वान्ह 10.30 बजे से पूर्वान्ह 11.30 बजे तक है। सभी प्रेक्षकों से कार्य दिवसों में मिला जा सकता है।

# प्रियंका गाँधी ने किया अस्सी हजार पटेलों का अपमान : आर0पी0वर्मा

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**विश्वनाथगंज विधानसभा कांग्रेस के प्रत्याशी आरपी वर्मा ने विधानसभा का टिकट न मिलने पर पार्टी कोसते हुए प्रियंका गाँधी को जिम्मेदार ठहराया।उन्होंने कहा कि उन्हें विधानसभा विश्वनाथगंज का टिकट न देकर प्रियंका गाँधी ने विश्वनाथगंज के अस्सी हजार पटेलों का अपमान किया है। एक वार्ता में उन्होंने कहा कि वह 37 वर्षों से कांग्रेस की सेवा कर रहे हैं।10 वर्ष से विश्वनाथगंज विधानसभा में जन -जन के संपर्क में हैं।पटेलों में अपने आप को लोकप्रिय बताते हुए उन्होंने कहा कि 80000/ पटेलों वाली इस विधानसभा में उनकी गहरी पैठ है लेकिन प्रियंका गाँधी ने एक ऐसे व्यक्ति को विधानसभा विश्वनाथगंज का उम्मीदवार बना दिया जिसको इस विधानसभा में कोई जानता तक नहीं।वह दूसरी विधानसभा का है।चूंकि वह प्रियंका गाँधी के पीए का करीबी है।इसलिए उसे टिकट दे दिया गया।आरपी वर्मा ने कहा



कि वह जनसेवक हैं।विश्वनाथगंज विधानसभा की जनता के बीच में रहकर वह सेवा करते रहे हैं और सेवा करते रहेंगे।यह कांग्रेस पार्टी का दुर्भाग्य है कि उनके जैसे कार्यकर्ता को महत्व न देकर केवल उन्हीं लोगों को टिकट दिया जाता है जो गाँधी परिवार के निकट और उनके करीबी होते हैं। कांग्रेस को कार्यकर्ताओं और जमीनी लोगों से कोई लेना देना नहीं है।इससे वह हताश नहीं हैं। वह जनता के बीच में है और बने रहेंगे और आने वाले समय में वह इस विधानसभा से कामयाबी हासिल करके दिखाएंगे।इस अवसर पर उनके बहुत सारे कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में भी अपने चहेते नेता को टिकट न मिलने पर उदासी और आक्रोश का भाव दिखाई पड़ा।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 फरवरी 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# बलिया के ज्ञानकुंज एकेडमी में लगा वैक्सीन लगाने का कैंप,400 से अधिक किशोरों ने लगवाई कोरोना वैक्सीन

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्त

**बलिया।**कोरोना से जंग में टीकाकरण अहम हथियार साबित हो रहा है। तीसरी लहर से जंग में इस हथियार की आपूर्ति मे जनपद के शिक्षा की क्षेत्र मे अग्रणी विद्यालय बंशीबाजार स्थित ज्ञानकुंज एकेडमी मे जिला प्रशासन के सहयोग से आज तीसरे दिन कोविड वैक्सीनेशन कैंप लगाकर छात्र-छात्राओ के जरिए लगभग 400 से अधिक बच्चों ने कोविड का टीका लगवाया।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पाण्डेय ने वैक्सीन के इस कैंप मे अधिक से अधिक अनवरत छात्रो को शासनादेश व गाइडलाइन तहत वैक्सीन लगवाने के लिए सभी अभिभावको को प्रेरित किया है। शिक्षा के इस मंदिर मे वैक्सीनेशन के प्रति किशोरों का भारी उत्साह रहा। ज्ञानकुंज एकेडमी के अध्यक्ष श्री ज्योति स्वरूप पाण्डेय व विद्यालय के प्रबंधक डा0 देवेंद्र नाथ सिंह ने टीका लगवाने आए बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस बीमारी से बचने के



लिए कोविड का टीका एक हथियार के रूप में कार्य करेगा। प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पाण्डेय ने कहा कि बच्चे कोविड संक्रमण से घबराएं नहीं, बल्कि कोविड से बचाव के रास्ते अपनाएं। स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में सहयोग करें। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बधुड़ी के स्वास्थ्य अधिकारी वेरिफायर पंकज मिश्रा तथा वैक्सीनेटर नीतु पटेल नियमित विद्यालय के छात्र-छात्राओ वैक्सीन लगाने का कार्य कर रही है।

# बन्द रेलवे फाटक को जबरन पार करने के चक्कर में बाइक सवार ने गवाई जान

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

**रोहनिया (वाराणसी)।** राजातालाब से जख्खिनी जाने वाली रोड पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार को शाम को 6 बजे ट्रेन की चपेट में आने से रोहनिया थाना क्षेत्र के ढोलापुर निवासी बाइक सवार गिरजा पटेल 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ढोलापुर निवासी बाइक सवार गिरजा पटेल शाम को 6 बजे जख्खिनी से राजातालाब की ओर जा रहे थे ट्रेन आने की वजह से उस समय रेलवे फाटक बंद था उसके बावजूद बाइक किसी तरह लेटा करके एक तरफ का फाटक पार करके दूसरे तरफ जाने के लिए रेलवे लाइन पार कर रहे थे उसी दौरान तेज गति से इलाहाबाद की ओर से वाराणसी की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी।मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड से माध्यम से रोहनिया थाना क्षेत्र के ढोलापुर मड़ईया गांव के रामचंद्र पटेल के पुत्र गिरजा पटेल के रूप में शिनाख्त हुआ।

# देशी शराब के ठेके व बीयर शाप से चोरों ने हजारों माल किया पार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

हरहुआ (वाराणसी)। बड़ागांव थाना क्षेत्र के बीरापट्टी बाजार स्थित एक देशी शराब ठेके एवं बीयर की दुकान में बीते देर रात अज्ञात चोर ने कैश बॉक्स में रखे चौदह हजार पांच सौ पैंतालीस रुपये नगद सहित बीयर की कैन और कैमरा, एलइडी टीवी, डीवीआर एवं वाई फाई चुरा ले गये। पीडित के सुचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।बताया जाता है कि घनश्याम पटेल की देशी शराब के दुकान के चैनल गेट के हुक को तोड़ कर अंदर घुसे चोरों ने मास्टर चाबी से शटर को खोलकर कैश बॉक्स में रखे पांच हजार पैंतालीस रुपया नगद और दुकान में लगे उपरोक्त सामान चुराने के पश्चात बगल में स्थित दुधनाथ मौर्य के बीयर की



दुकान में ठीक उसी प्रकार से अंदर घुसे और कैश बॉक्स में रखे गये नौ हजार पांच सौ रुपए नगद,दस केन बीयर सहित उपरोक्त सामान चुरा ले गये। घटना की जानकारी दोनों दुकानदारों के सेल्समैन को सुबह 10 बजे हुई जब वह दुकान खोलने पहुंचे शटर का ताल टुटा देखकर सन हो गए।

# ठेकेदार के बंद मकान से चोरो ने नगदी समेत लाखो कर दिया पार

## रामनगर के सूजाबाद मे चोरो के इस दुस्साहस से दहशत

(आधुनिक समाचार सेवा)
देवभूषण कन्नौजिया

**वाराणसी।**रामनगर थाना क्षेत्र के सूजाबाद घटियारी मंदिर के समीप ठेकेदार प्यारे लाल निशात के बंद मकान को बीती रात निशाना बनाते हुये बगल की दीवार को फांद कर छत के रास्ते से आंगन मे उतरकर दो कमरे का ताला तोड कर भीतर दाखिल हुये चोरो ने कमरे मे रखा बक्सा और अटैची का ताला तोड़ कर 20 हजार रुपए नगद , एक सोने की सिकडी, 2 अदद कान का झाला,चादी की सिकडी समेत लगभग एक लाख के माल पर हाथ साफ कर चलते बने । घटना के दौरान भवन स्वामी अपने परिवार सहित पास के ही रिश्ते दारी मे आयोजित विवाह समारोह मे गया हुआ था। घटना की जानकारी उसे तब हुई जब वह शादी समारोह से रात एक बजे परिवार के साथ घर लौटा तो उसके छत से दो युवकों को कुद कर भागते देख दोनो का पीछा भी किया मगर भाग रहे युवको को पकड़ने मे उसे सफलता



नही मिला। सुबह उसने इसकी सूचना पहले मोबाइल से डायल 112 को दी बाद सूजाबाद पुलिस चौकी पहुचकर लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पुलिस मौके पर पहुंच कर परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। हला की घटना बारे मे चौकी प्रभारी से पूछे जाने पर दोपहर तक अनभिज्ञता जताते रहे। समाचार दिये जाने तक पीडित ठेकेदार थाने पर मुकदमा दर्ज नही करा पाया था। घटना को लेकर परिजनों समेत पास पड़ोस के लोगो मे स्थानीय पुलिस के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र मे पुलिस द्वारा गश्त न करने से जुआरियों शराबियो का जमघट लगा रहता है जिससे क्षेत्र मे आये दिन चोरी चकारी की घटनाएं आम बात है।आरोप तो यह भी है कि क्षेत्र मे होने वाले घटनाओं की सूचना मिलने पर भी पुलिस निष्क्रिय भूमिका मे नजर आती है। वल्कि शिकायत कर्ता को ही पुलिस परेशान करने की भूमिका मे नजर आती है।

# पूर्वांचल के लिए कांग्रेस ने 27 उम्मीदवार किए घोषित, लिस्ट में जानें अपने क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार

**वाराणसी।** पूर्वांचल के लिए कांग्रेस की ओर से बची हुई सीटों पर उम्मीदवारों की गुरुवार को घोषणा कर दी गई है। इस प्रकार पूर्वांचल में कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार भी शामिल हैं। कांग्रेस की ओर से पूर्व में तय किए गए उम्मीदवारों की सूची के बाद इसे अब अंतिम सूची माना जा रहा है। जबकि वाराणसी में कुल आठ सीटों



लगभग प्रत्याशी तय होने के बाद चेहरे चुनावी समर के लिए तय हो गए हैं। गुरुवार की दोपहर जनरल सेक्रेटरी इंचार्ज सीईसी इंचार्ज मुकुल वासनिक की ओर से जारी मीडिया रिपोर्ट में इस बाबत तय किए गए कांग्रेस उम्मीदवारों के बारे में सूचना जारी की है। वहीं जारी की गई लिस्ट में 13 महिला पर इसी के साथ कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची फाइनल हो चुकी है। इसी प्रकार पूर्वांचल के सभी जिलों में कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार तय किए जा चुके हैं। अंतिम दौर में चुनाव होने की वजह से पार्टी की ओर से पूर्वांचल के कांग्रेसी दावेदारों को लेकर लिस्ट लंबे समय से बनाई जा रही थी अब सभी उम्मीदवारों के चेहरे तय होने के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका वाड्रा के चुनावी मोर्चे को संभालने का पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इंतजार कर रहे हैं। फेफना से जैनेंद्र कुमार पांडेय, बलिया नगर से ओम प्रकाश तिवारी, शाहगंज से परवेज आलम भुट्टो, जौनपुर से फैसल तबरेज हसन, मल्हनी से पुष्पा शुक्ला, मुंगराबादशाहपुर से डॉ प्रमोद सिंह, मछलीशहर (सु.) से माला देवी सोनकर, मड़ियाहूं से मीरा रामचन्द्र पांडेय, जफराबाद से लक्ष्मी नागर, केराकत (सु.) राजेश गौतम, सैदपुर (सु.) से सीमा देवी, जमानियां से फरजाना खातून, मुगलसराय से छब्बू पटेल, सैयदराजा से विमलादेवी बिंद, चकिया (सु.) से राम सुंदर राम, अजगरा (सु.) आशा देवी शिवपुर से गिरीश पांडेय, वाराणसी उत्तरी से गुलराना तबस्सुम वाराणसी दक्षिण से मुदिता कपूर वाराणसी कैंट से राजेश मिश्रा सेवापुरी से अंजू सिंह, भदोही से वसीम अंसारी, ज्ञानपुर से सुरेश मिश्र, औराई (सु.) संजू कन्नौजिय मझवां से शिव शंकर चौबे, चुनार से सीमा देवी, रॉबर्ट्सगंज से कमलेश ओझा को कांग्रेस ने टिकट दिया है।

# भाजपा से बगावत कर वीआईपी में शामिल हुए विधायक सुरेंद्र सिंह

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया।**अपने बड़बोलेपन और विवादित बयानों के कारण हमेशा चर्चा में रहने वाले जनपद के बैरिया से भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह टिकट कटने के बाद बागी हो गए।गुरुवार को सुरेंद्र सिंह विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) में शामिल हो गए।आज शुक्रवार 11 फरवरी को नामांकन करेंगे। अपनी टिकट कटने पर भाजपा से बगावत कर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करने वाले विधायक सुरेंद्र सिंह गुरुवार को बिहार में सत्तारूढ़ विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) में शामिल हो गए। पार्टी के पदाधिकारियों ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस दौरान विधायक ने विरोधियों के खिलाफ जमकर हुंकार भरी। टिकट कटने से नाराज और बगावत का झंडा बुलंद करने वाले विधायक सुरेंद्र सिंह लगातार बयानबाजी कर रहे हैं।बुधवार को टिकट काटने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर मानसिक



दिवालियापन का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि जिले में भाजपा को एक भी सीट नहीं जीतने दूंगा। ये बात भी कही गई थी कि कई राजनीतिक दल उनके संपर्क में हैं लेकिन वो किसी दल में शामिल नहीं हो रहे हैं और निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

# यात्रियों के टिकट बुकिंग में भेदभाव, वाराणसी कैंट स्टेशन से नहीं बनता बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का जनरल टिकट

**वाराणसी।** भारतीय रेलवे एक है फिर क्षेत्रों के अपने अलग - अलग नियम है। इसका खामियाजा आम यात्रियों को भुगतना पड़ता है। एक तरफ़ बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस में पूर्व



मध्य रेलवे (ईसीआर) के बुकिंग काउंटरों से अनारक्षित टिकट जारी किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर उत्तर रेलवे के कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर इस ट्रेन में इसकी मनाही है। ऐसे में नजदीकी जिलों में जाने के लिए भी यात्रियों को मजबूरन आरक्षण कराना पड़ता है। ऐसा ही वाकया बुधवार को कैंट स्टेशन पर दिखा। जब गाड़ी संख्या- 14224 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस में अनारक्षित टिकट जारी न करने पर यात्रियों ने कड़ी आपत्ति जताई। टिकट खिड़की पर तैनात कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत की चेतावनी देकर लौट गए। नाराजगी जताते हुए यात्रियों ने कहा कि इस ट्रेन में पं.दीनदयाल, भभुआ, कुदरा, सासाराम, डेहरी आनसोन, रफीगंज, गुरारु व गया और पटना तक के यात्रियों को आवागमन है। यात्रियों का कहना था कि बिहार के इन स्टेशनों से वाराणसी के लिए जनरल टिकट आसानी से मिल जा रहा है। लेकिन कैंट स्टेशन से उन स्टेशनों के टिकट के लिए आरक्षण कराने को कहा जाता है। जनरल टिकट नहीं दिया जा रहा। पूरे देश में रेलवे एक ही है, फिर यात्रियों के साथ ऐसा भेदभाव होने का क्या मतलब निकलता है। कुदरा के राहुल ने बताया ने बताया कि वह अभी दो दिन पूर्व अनारक्षित टिकट पर ही वाराणसी आये थे, लेकिन वापस जाने के लिए आरक्षण कराने की बात कर्मचारी कर रहे हैं। मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस में यहां से अनारक्षित टिकट जारी करने का नियम नहीं है। नाराजगी जताते हुए यात्रियों ने कहा कि इस ट्रेन में पं.दीनदयाल, भभुआ, कुदरा, सासाराम, डेहरी आनसोन, रफीगंज, गुरारु व गया और पटना तक के यात्रियों को आवागमन है। यात्रियों का कहना था कि बिहार के इन स्टेशनों से वाराणसी के लिए जनरल टिकट आसानी से मिल जा रहा है। लेकिन कैंट स्टेशन से उन स्टेशनों के टिकट के लिए आरक्षण कराने को कहा जाता है। जनरल टिकट नहीं दिया जा रहा। पूरे देश में रेलवे एक ही है, फिर यात्रियों के साथ ऐसा भेदभाव होने का क्या मतलब निकलता है। अभी दो दिन पूर्व अनारक्षित टिकट पर ही वाराणसी आये थे, लेकिन वापस जाने के लिए आरक्षण कराने की बात कर्मचारी कर रहे हैं। मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस में यहां से अनारक्षित टिकट जारी करने का नियम नहीं है।

# नामांकन के दौरान बंद रहेंगे यह मार्ग

**गाजीपुर।** नामांकन को देखते हुए 10 से 17 फरवरी तक नौ बजे से शाम चार बजे तक मार्गों को परिवर्तित कर दिया गया है। महुआबाग की ओर से आने वाले वाहन अफीम फैक्ट्री तिराहा से साई मंदिर होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। विकास भवन चौराह से शास्त्रीनगर की तरफ आने वाले वाहन शास्त्रीनगर तिराहे से सिचाई विभाग चौराहे की तरफ से जाएंगे। शास्त्री नगर से महुआबाग की ओर से जाने वाले वाहन जज तिराहे से कोई भी वाहन कलेक्ट्रेट की तरफ नहीं जाएगा। उपरोक्त वाहन जज तिराहे से साई मंदिर की तरफ जाएंगे। सिचाई विभाग की तरफ से आने वाले वाहन सांसद तिराहे से लंका की ओर जाएंगे। लंका की तरफ से आने वाले वाहन सांसद तिराहे से सिचाई विभाग होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।

# जमानियां व दिलदारनगर में बदली जाएगी रेल पटरी

**जमानियां (गाजीपुर) ।** डीडीयू - पटना रेल खंड पर जर्जर रेल पटरियों को बदलने के लिए वर्ष 2022 का 60 केजी का नया रेल पटरी गिराने का कार्य शुरू हो गया है। जमानियां के अप व दिलदारनगर डाउन लाइन में नया रेल पटरी बदलने के लिए नई रेल पटरी गिराई जा रही है। रेल पटरी बदलने से ट्रेनों की रफ्तार में वृद्धि होगी। रेलवे का अति व्यस्त रूट कहे जाने वाला दिल्ली-हावड़ा मेन लाइन पर पीडीडीयू -पटना रेलखंड के दिलदारनगर रेल पथ सेक्शन में जर्जर पटरियां तेज रफ्तार ट्रेनों का भार नहीं उठा पा रही हैं। आए दिन यह टूट रही हैं।

# बलिया मे ड्रोन कैमरा से हो रही नामांकन स्थल की निगरानी

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक ब्यूरो)

**बलिया।**जिले की नामांकन स्थल पर प्रशासन की ओर से ड्रोन कैमरा से बाहर और अंदर की हर गतिविधि की निगरानी की जा रही है।इससे सभी प्रत्याशी भी कलेक्ट्रेट के गेट से पहले ही अपने समर्थकों को रोक दे रहे हैं। ज्यादा वाहन लेकर पहुंचने पर उड़न दस्ता की टीम भी अलग से फोटो कैमरे के कैद कर कार्रवाई कर रही है। प्रत्याशियों के आगमन से लेकर लौटने तक पर नजर रखी जा रही है। शहर से निकलने के बाद भी यदि कोई प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता उलंघन करते मिल रहा है तो संबंधित सहित समर्थकों पर भी मुकदमा दर्ज कराए जा रहे हैं। प्रशासन की इस सख्ती से शहर में शांति है।



## ई-पोर्टल पर 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर मैदानों का होगा आवंटन

**आजमगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में चुनावी रैली व जनसभा के लिए चिह्नित मैदानों का आवंटन समान रूप से ई-सुविधा पोर्टल पर 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान कोविड गाइड लाइन का पूरी तरह करना अनुपालन होगा। निर्देशों का उलुंघन करने पर आयोजक के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत त्रिपाठी ने बताया कि मैदानों में प्रवेश एवं निकास के लिए एक से अधिक स्थान होने चाहिए। जिससे व्यक्तियों के आवागमन के कारण भीड़ इकट्ठी न हो।

# जौनपुर के टीडी कालेज में शिक्षक ने मुस्लिम छात्रा को हिजाब पहनने से रोका, कालेज में परिजनों ने दर्ज कराई शिकायत

**जौनपुर।** टीडी पीजी कालेज में छात्रा को हिजाब पहनने से मना करने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को मामले की



शिकायत पिता ने पहुंचकर कालेज प्राचार्य से की है। हालांकि इस प्रकरण पर कालेज प्रशासन की तरफ से छात्रा व शिक्षक को बुलाकर सुनवाई करने की बात की जा रही है। छात्रा के पिता ने प्राचार्य डाक्टर आलोक सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके परिवार के अन्य बच्चे भी कालेज से पढ़े, लेकिन इस तरह की कोई बात नहीं हुई। छात्रा ने कहा कि पहली बार हिजाब पहनने को लेकर विरोध झेलना पड़ा। इस पर प्राचार्य ने छात्रा से लिखित शिकायती पत्र लेने के बाद जांच की बात कही। आरोप है कि बुधवार को कालेज में बीए अंतिम वर्ष की कक्षा चल रही थी। इसमें छात्रा जरीना हिजाब पहनकर पहुंची थी। इस पर शिक्षक प्रशांत त्रिवेदी भड़क गए और उसे डांटा। कहा कि बुर्का पहन कालेज नहीं आना चाहिए। हालांकि इस पूरे प्रकरण पर शिक्षक प्रशांत त्रिवेदी ने कहा था कि कक्षा में राजनीति विषय पर चर्चा होते हुए जब बात हिजाब पर पहुंची तो छात्रा उठकर जोर से चिल्लाकर अपनी बात रखने लगी, जिसपर उसे शांति से बैठने के लिए कहा गया। त्रिवेदी ने कहा कि वह किस ड्रेस में आ रही है, इसको रोकने का काम उनका नहीं है, यह कालेज प्राक्टोरियल बोर्ड व प्रिंसिपल का निर्णय है। इसको लेकर कक्षा की किसी भी छात्रा से पूछा जा सकता है। वहीं छात्रा के परिजनों की ओर से शिकायत दर्ज कराने के बाबत प्राचार्य डाक्टर आलोक सिंह ने कहा कि अभी तक मामले में लिखित शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। छात्रा के पिता आए थे और अपनी बात रखा। कालेज प्रशासन के अधिकारी व पिता दोनों ने तय किया कि मामले को बढ़ाना नहीं है व शांति पूर्वक कालेज में शिक्षा का वातावरण बनाए रखना है। हालांकि, मामले पर पूरी तरह से काजेल में नजर रखी जा रही है।

# पूर्व में हुई चोरी का डाला पुलिस ने किया खुलासा

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरि

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय डाला बजार में स्थित मोबाइल शाप के दुकान में सीट तोड़कर हुए चोरी का डाला पुलिस ने किया खुलासा एक बाल अपचारी सहित एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर प्रवेक्षक टीम व डाला पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर के द्वारा मुखबिर से सूचना पाकर बुधवार 10:45 बजे करीब डाला बाजार झुलन टाली के आगे जयगोबिंद मोबाइल शाप पर छापामारी कर चोरी के मोबाइल सहित अन्य समान बरामद किया गया जिसके आरोप के उपरांत एक बाल अपचारी व जयगोविंद मौर्या उम्र 32 वर्ष पुत्र विजय सिंह निवासी



मलिन बस्ती को गिरफ्तार कर थाना चोपन में मु0अ0स046/2022 धारा 457, 380,411 मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया जो कि बिते 31 दिसंबर 2021 रात में संदीप मोबाइल दुकान की सीट उखाड़ कर मोबाइल समेत अन्य समान चोरी हो गया था जिसके बाद पीडित ने डाला पुलिस को सूचना दिया गया था इस दौरान पुलिस टीम में शामिल डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर हे0 का0 महेंद्र यादव हे0 पुनित सिंह सामिल रहें।

# डाला में बसपा के उम्मीदवार अविनाश शुक्ला ने किया जनसंपर्क

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरि

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय डाला मलिन बस्ती में बहुजन समाज पार्टी के 401 राबट्र्सगंज उम्मीदवार द्वारा जनसंपर्क का कार्यक्रम किया गया साथ ही असर्फी पासवान ने मिशन गीत के माध्यम से पार्टी के मिशन को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में विधानसभा 401रॉबर्ट्सगंज के सेक्टर डाला में भय मुक्त अपराध मुक्त कानून सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की सरकार स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री माननीया बहन कुमारी मायावती जी जी को पांचवीं बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने के लिए विधानसभा प्रभारी/प्रत्याशी अविनाश शुक्ला ने जनसंपर्क किया जिसमें मुख्य रूप से बसपा मिर्जापुर मंडल सेक्टर प्रभारी बी सागर पूर्व जिला अध्यक्ष निशांत कुशवाहा पूर्व विधायक सत्यनारायण जैसल



संतोष शर्मा प्रकाश सिंह उर्फ पप्पू बृजेश शर्मा उर्फ मंटू राणा सुभाष राव अम्बेडकर संजय ठाकुर रामदयाल भारती मनोज पाठक राजेश भारती अवधेश चौहान रामदयाल गौतम रमेश भारती उमेश भारती आदि इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

# मडई को लेकर हुआ विवाद चले लाठी-डंडे एक महिला घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरि

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के मलीन बस्ती डाला में मड़ई घटाने को लेकर हुए विवाद में चली लाठी डंडे से वार कर दिया गया जिससे की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम के समय खाली जमीन पर मड़ई लगाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद जिसमें घायल ऊषा देवी पतनी राजन गुप्ता को दुसरे पक्ष के गोबिंद गुप्ता ने भाईयो के साथ मिलकर हो रहें विवाद के दौरान ही ऊषा देवी को लाठी डंडे से वार दिया जिससे की इस दौरान ऊषा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको लेकर घायल ऊषा देवी ने चोपन थाना में तहरीर के माध्यम से सूचना दी और डाला के पुलिस द्वारा अग्रीम कारवाई करते हुए गोबिंद गुप्ता विजय गुप्ता नंदलाल गुप्ता धनंजय गुप्ता पुत्र स्व गोपाल गुप्ता निवासी मलिन के खिलाफ धारा 323,504,506 में मुकदमा दर्ज दिया गया



# जिले में आज से नामांकन, प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण


**मीरजापुर ।** विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार यानी आज से नामांकन प्रारंभ होगा। जनपद के पांच विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों को नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट में अलग-अलग न्यायालय कक्ष निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बुधवार



को उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवप्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर के चारों तरफ समस्त गेट पर बैरिकेडिग कराई गई है। नामाकंन प्रक्रिया 10 फरवरी से प्रारंभ होकर 17 फरवरी तक चलेगा। नामांकन पूर्वान्ह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक किया जा सकेगा। बताया कि 395 छानबे (अ.जा.) के उम्मीदवार अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व के न्यायालय में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। 396 मीरजापुर (नगर) विधानसभा के उम्मीदवार कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी वित्त-राजस्व न्यायालय, 397 मझवां विधानसभा के उम्मीदवार एसडीएम सदर न्यायालय, 398 चुनार विधानसभा के उम्मीदवार एसडीएम सदर न्यायालय व 399 मड़िहान विधानसभा के प्रत्याशी जिलाधिकारी न्यायालय में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन प्रक्रिया की सुरक्षा के दृष्टिगत बैरिकेडिग व पुलिस व्यवस्था की तैनाती की गई है।कारी ने भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर प्रत्येक विधानसभा, निर्वाचन क्षेत्रों के स्थल का नाम बैनर बनवाकर लगवाने का निर्देश दिया। सभी नामाकंन कक्षों सहित कलेक्ट्रेट के प्रत्येक प्रवेश द्वार का भी निरीक्षण किया। साथ ही पत्रावलियों को व्यवस्थित ढंग से रखने का निर्देश दिया। कहा कि यदि आवश्यकता हो तो और रैक की व्यवस्था कर ली जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामाकंन के दौरान नामाकंन कक्ष में उम्मीदवार व दो प्रस्तावक कुल तीन व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। जिस उम्मीदवार के लिए 10 प्रस्तावक अनुमन्य है उस प्रत्याशी के साथ एक बार में दो प्रस्तावक ही नामाकंन कक्ष में प्रवेश करेंगे। रिर्टनिग आफिसर द्वारा बारी-बारी से प्रस्तावकों को बुलाया जाएगा। उम्मीदवार को नामांकन के समय नया बैंक खाता का विवरण संलगन करना होगा। यह खाता नामाकंन के एक दिन पूर्व ही खोला गया हो, जिसमें किसी प्रकार का लेन-देन न किया गया हो। नामाकंन के दौरान रैली या जुलूस पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगा

# गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमारी वालों को चुनावी ड्यूटी से रखें मुक्त

**सोनभद्र।** जिला महिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिला विकास अधिकारी से मिला। महिला शिक्षकों ने डीडीओ ज्ञापन सौंपा और गर्भवती महिलाओं, पति-पत्नी दोनों की




ड्यूटी, गंभीर बीमारी से ग्रसित महिलाओं के निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की। साथ ही महिलाओं को रात्रि में बूथ पर न रुककर मतदान दिवस पर समय से उपस्थित होने के संबंध में आग्रह किया गया। जिला विकास अधिकारी ने समस्याओं को ध्यान से सुना व आश्वस्त किया है कि सभी गर्भवती महिला शिक्षकों एवं जिनके 3 साल तक के बच्चे हैं, उनकी ड्यूटी चुनाव से मुक्त की जाएगी। इसी क्रम में संघ के पदाधिकारियों ने विभागीय अधिकारी बीएसए से मुलाकात कर उक्त समस्याओं से अवगत कराया। बीएसए ने भी सहयोग का आश्वासन दिया। महामंत्री कौशर जहां ने कहा कि निर्वाचन आयोग का निर्देश है कि गर्भवती महिलाओं को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। इसके अलावा गंभीर रूप से बीमार कर्मचारियों को भी ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। इसको लेकर जिला विकास अधिकारी व बीएसए को ज्ञापन सौंपा गया है। कहा कि महिला शिक्षक संघ महिलाओं के हित के लिए सदैव संघर्षरत रहेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में महिला शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कौशरजहां सिद्दीकी, उपाध्यक्ष वर्षा वर्मा, साधना सारंग, संगठन मंत्री कुंजलता त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी कोमल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष शशिबाला सिंह शामिल रहीं।

# कुएं में उतराया मिला वृद्ध का शव, सनसनी

**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़री के टोला बरवाडीह गांव में स्थित कुएं में मंगलवार की रात एक वृद्ध का शव पानी में उतराया मिला। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ओंकार नाथ मौर्य (65) निवासी बभनियांव थाना पन्नूगंज के रुप में हुई है। इसकी पुष्टि रायपुर के प्रभारी निरीक्षक पीपी श्रीवास्तव ने की है। उन्होंने बताया कि मृत व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और भटककर पड़री गांव में मंगलवार को दिन में ही आकर इधर उधर घूम रहे थे। रात में वह भटककर किसी तरह कुएं में जा गिरे, जिससे उनकी मौत हो गई। किसी ने रात में उसे कुएं में गिरता नहीं देखा। बुधवार की सुबह गांव के लोग कुएं के पास गए तो एक व्यक्ति का शव पानी में उतराया देख मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों से मिली सूचना पर रायपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ दर्ज कराएं एफआइआर

**सोनभद्र।** विधानसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान अनुपस्थित रहे कार्मिकों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण में गैर



हाजिर रहे कार्मिकों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्रशिक्षण बुधवार को चौथे दिन संपन्न हो गया। प्रशिक्षण राजकीय पॉलिटेनीक कालेज लोढ़ी में मुख्य विकास अधिकारी डा. अमित पाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सीडीओ ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम से कहा कि वह प्रशिक्षण प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझें, जिससे निर्वाचन मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूर्ण कराने के लिए प्रशिक्षण बेहतर ढंग से प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण प्रक्रिया में सैद्धांतिक रूप से ईवीएम के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी टीके शिबू ने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्रक्रिया में अनुपस्थित कर्मियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। प्रशिक्षण में 11 कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डा. अमित पाल शर्मा, जिला विकास अधिकारी रामबाबू त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अराजक तत्वों को चिह्नित कर करें कड़ी कार्रवाई


**सोनभद्र।** विधानसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने,अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस व कारगर कदम उठाएं। अराजक तत्वों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई करें। बुधवार को जिलाधिकारी टीके शिबू व एसपी अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में बैठक कर चुनाव की मंशा रखने वाले अराजक तत्वों को पहले ही चिह्नित करते हुए उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें। उन्हें पाबंद करने, जिले में अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिला डीएम ने शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगस्टर एक्ट में



तैयारियों की समीक्षा की। इसमें नामांकन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुढ करते हुए बैरिकेडिग व यातायात व्यवस्था, निर्वाचन आयोग से निर्धारित आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन कराने का निर्देश दिया गया। चुनाव में बाधा पहुंचाने कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, दहेज हत्या, नकबजनी, चोरी, वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने अराजक तत्वों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करने के लिए कारगर कदम उठाने को कहा। इस दौरान जमीन संबंधित मामलों में पुलिस व राजस्व टीम की ओर से संयुक्त रुप से मिलकर विवाद को निस्तारित कराने पर चर्चा हुई। पशु तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाने, न्यायालय व उच्चाधिकारी के आदेशों, निर्देशों का शत- प्रतिशत पालन कराने तथा थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुनने व उनसे सौम्य व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने व महिलाओं की सुरक्षा व सहायता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश डीएम, एसपी ने दिया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन विजय शकंर मिश्र, क्षेत्राधिकारियों में राजकुमार त्रिपाठी, प्रदीप सिंह चंदेल, शंकर प्रसाद, रामआशीष यादव, संजीव कटियार, आशीष मिश्र, सीओ चुनाव सेल राहुल पांडेय समेत थाना प्रभारी व चुनाव सेल प्रभारी अन्य शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# एसएच-5ए पर बन रहे टोल प्लाजा का भाकियू ने किया विरोध

**अहरौरा (मीरजापुर)।** एसएच-5ए पर क्षेत्र के वनस्थली महाविद्यालय के पास बन रहे टोल प्लाजा को लेकर बुधवार को भाकियू के किसान नेताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। एक सप्ताह के अंदर टोल प्लाजा हटाने का अल्टीमेटम दिया। चेताया कि टोल नहीं हटाया गया तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे। भाकियू के प्रदेश सचिव प्रहलाद सिंह ने कहा कि यूपी स्टेट हाइवे अथारिटी के नियमों के अनुसार 50 किलोमीटर दूर ही टोल टोल के बजाय अहरौरा से कटकर जमुई के रास्ते निकल जाते थे, उनके लिए अब कैलहट के पास एनएच-सात टोल स्थापित हो गया है। ऐसे में वाहनों का लिकरोड से गुजरने की समस्या पूर्ण रूप से समाप्त हो गई है। अतः यहां टोल पूर्ण रूप से स्थापित किया जाना न्याय संगत नहीं है। जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी ने बताया कि वनस्थली महाविद्यालय से आगे विहंगम पर्यटन स्थल है। अहरौरा, अदलहाट सहित आसपास के लोग



नाका स्थापित किया जा सकता है, जबकि महज 15 किलोमीटर दूर वनस्थली महाविद्यालय के पास टोल बनाया गया है, जो नियम विरुद्ध है। भाकियू के प्रदेश सचिव सिद्धनाथ सिंह ने बताया कि एसीपी टोलवेज द्वारा वनस्थली महाविद्यालय के पास वाहनों के लिक रोड से आवागमन को रोकने उद्देश्य से टोल स्थापित किया जा रहा है। जो वाहन एसएच-5ए पर 50 किलोमीटर चलकर फत्तेपुर प्रतिदिन सैर सपाटा करने जलप्रपात पर पहुंचते हैं। टोल नाका स्थापित होने पर इसका सीधा असर क्षेत्रीय पर्यटन स्थल पर पड़ेगा और लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। अगर टोल को बंद नहीं किया गया तो भाकियू आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान रामश्रृंगार, अनिल सिंह, महेंद्र सिंह, परशुराम, बालगोबिद, जय सिंह, अभिषेक सिंह आदि थे।

# विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन आज से

**सोनभद्र।** विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 10 फरवरी से शुरू होगी। प्रशासन स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चारों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नामांकन के लिए रिटर्निंग आफिसर नियुक्त कर दिए गए हैं। सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग मोड़ से कलेक्ट्रेट तक बैरियर लगाए गए हैं और जगह-जगह 150 पुलिस के जवान तैनात किए



जाएंगे। ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 10 फरवरी से 17 फरवरी तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को होगी। नाम वापस लेने की तिथि 21 फरवरी तय की गई है। विधानसभा सामान्य निर्वाचन के लिए 400-घोरावल रिटर्निंग आफिसर उप जिलाधिकारी घोरावल बनाए गए हैं। घोरावल विधान सभा के नामांकन की प्रक्रिया न्यायालय जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सोनभद्र होगी। इसी तरह राबट्र्सगंज रिटर्निंग आफिसर उप जिलाधिकारी राबट्र्सगंज होंगे। राबट्र्सगंज में नामांकन की प्रक्रिया न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कलेक्ट्रेट में होगी। ओबरा अनुसूचित जनजाति सीट के लिए रिटर्निंग अफसर उप जिलाधिकारी ओबरा बनाए गए हैं। ओबरा के नामांकन की प्रक्रिया न्यायालय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कलेक्ट्रेट में होगी। इसी तरह दुद्धी सीट के लिए रिटर्निंग आफिसर उप जिलाधिकारी दुद्धी होंगे। दुद्धी के नामांकन की प्रक्रिया न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी कलेक्ट्रेट में संपन्न होगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी सहित दो व्यक्तियों की नामांकन कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशी दो वाहन के साथ ही कलेक्ट्रेट के अम्बेडकर द्वार तक आ सकता है। उधर अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान पुलिस की ओर से अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रभारी रहेंगे। इसके अलावा ओबरा, घोरावल, सदर व सीओ सिटी तैनात रहेंगे। 10 थानों के निरीक्षक रहेंगे, जिसमें राबट्र्सगंज, चोपन, रायपुर, करमा, पन्नूगंज, पिपरी, शाहगंज के प्रभारी निरीक्षक भी शामिल हैं। इसके अलावा 11 उप निरीक्षक, 50 सिपाही तैनात किये जाएंगे, जिसमें 20 महिला सिपाही भी शामिल हैं। डेढ़ प्लाटून पीएसी तैनात की जाएगी व यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी तैनात रहेगी।

# खाई में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, दो घायल

**पटेहरा (मीरजापुर)।** लालगंज-कलवारी मार्ग के अमोई पुरवा में बुधवार को पानी भरा टैंकर संग ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक विमल (17) की मौके पर मौत हो गई। ट्रैक्टर पर सवार दो लोग घायल हो गए। मौत से घर में शादी के मंगलगीत की खुशियां मातम में बदल गईं। नम आंखों के बीच सादगी के साथ मंदिर में शादी की रश्म पूरी हुई। पथरौर गांव निवासी विमल के बड़े पिता डाक्टर पटेल की पुत्री पूजा की बुधवार को शादी थी। विमल शादी में बरातियों को पीने के लिए पानी भरा टैंकर अमोई से लेकर गांव के ही विकास व बच्चालाल के साथ आ रहा था। लालगंज-कलवारी मार्ग के अमोई पुरवा गांव के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के बगल स्थित दस फीट गहरे खाई में पलट गया। इससे विमल ट्रैक्टर उसके नीचे दब गया और घटना स्थल



पर ही जान चली गई। ट्रैक्टर पर सवार विकास व बच्चा लाल घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्वजन तीनों को लेकर पीएचसी पटेहरा पहुंचे। यहां पीएचसी प्रभारी डा. वाजिद जमील ने विमल के मौत की पुष्टि कर दी, जबकि घायलों को हल्की चोट लगने के कारण इलाज कर घर भेज दिया। चौकी प्रभारी दयाशंकर ओझा ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां ऊषा और पिता रामचरन का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक विमल अपने माता-पिता रामचरन सिंह पटेल का एकलौता पुत्र था। वह विध्यवासिनी कन्या इंटर कालेज दीपनगर में कक्षा 11 में पढ़ता था। दो बहनों में रोशन की शादी हो गई है और आरती अभी अविवाहित है। वह भाजपा यूथ के जिला उपाध्यक्ष डब्बू पटेल का चचेरा भाई है।

# विराट कोहली का बड़ा खुलासा, फ्रेंचाइजी आक्शन में नाम देने के लिए कई बार कर चुकी हैं संपर्क

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली ने खुलासा किया है कि कई बार फ्रेंचाइजियों ने उनसे इंडियन प्रीमियर लीग के आक्शन में अपना नाम देने के लिए संपर्क किया, लेकिन उन्होंने रायल चैलेंजर्स बैंगलोर में रहना पसंद किया। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान आठ साल बाद पिछले सीजन के पारियां खेली हैं। टीम में कई स्टार खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन फिर भी आइपीएल कभी नहीं जीत सके। उन्होंने कहा, 'आरसीबी के साथ वफादारी पांच लोगों के ये कहने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि आपने आखिरकार एक्सवाईजेड के साथ आईपीएल जीता है। आप पांच मिनट के लिए अच्छा महसूस करते हैं



अंत में आरसीबी कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। 2008 में लीग शुरू होने के बाद से एक फ्रेंचाइजी के लिए खेलने वाले वह एकमात्र क्रिकेटर हैं। कोहली ने आरसीबी पोडकास्ट से कहा, 'मुझसे भी कई बार नीलामी में आने के लिए संपर्क किया गया है। मैंने इसके बारे में सोचा है। अंत में एक व्यक्ति निश्चित साल तक जीवित रहता है और फिर आप मर जाते हैं और जीवन आगे बढ़ता है। ऐसे कई महान खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने ट्राफियां जीती हैं, लेकिन कोई भी आपको इस तरह याद नहीं रखता। अगर आप एक अच्छे इंसान हैं, तो लोग आपको पसंद कर और अगर आप एक बुरे आदमी हैं, तो वे आपसे दूर रहते हैं। आखिरकार, यही जीवन है।' 33 वर्षीय कोहली ने आरसीबी के लिए कई मैच जीताऊ और फिर छठे मिनट में आप जीवन में किसी अन्य मसले से दुखी हो सकते हैं। कोहली ने आरसीबाइस फ्रेंचाइजी ने मुझे पहले तीन साल में जो दिया है और मुझ पर विश्वास किया है, वह सबसे खास बात है। ऐसी कई टीमें थीं जिनके पास मौका था। उन्होंने मेरा समर्थन नहीं किया और उन्होंने मुझ पर विश्वास नहीं किया।' फ्रैंचाइज़ी के कप्तान के रूप में अपने समय के बारे में बोलते हुए कोहली ने कहा कि 2016 में आइपीएल फाइनल हारने का दर्द अभी भी है। 209 रनों का पीछा करते हुए आरसीबी ने बगैर किसी विकेट के नुकसान के 114 रन बना लिए थे, लेकिन फिर टीम बिखर गई और आठ रन से हार गई, जिससे उनके अविश्वसनीय सीजन का दुखद अंत हुआ। विराट ने इसे लेकर कहा।

# रहाणे ने कोहली व शास्त्री पर कसा तंज- आस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में जीत मैंने दिलाई

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम जब 2020-21 में आस्ट्रेलिया दौरे पर गई थी तब टीम इंडिया ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस जीत के नायक टीम के कार्यवाहक टेस्ट कप्तान अजिंक्य रहाणे रहे थे जिन्हें विराट कोहली के भारत वापस लौटने के बाद टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया था। रहाणे ज्यादा कुछ बोलते नहीं है, लेकिन इस दौरे के बारे में उन्होंने पहली बार टिप्पणी की और अपना दर्द बयां किया। रहाणे पिछले दो साल से अपनी फार्म से जूझ रहे हैं और कई क्रिकेट एक्सपर्ट का मानना है कि वो भारत के लिए अपना आखिरी टेस्ट खेल चुके हैं, लेकिन रहाणे टीम में वापसी करना चाहते हैं। अब रहाणे ने बैकस्टेज विद बोरिया चैट शो में 2020-21 के आस्ट्रेलिया दौरे के बारे में कहा कि उस टेस्ट सीरीज के दौरान मैदान पर और ड्रेसिंग रूम में मैंने कुछ बोल्ड फैसले किए और इसका क्रेडिट किसी और ने ले लिया। रहाणे का मतलब साफ तौर पर ये था कि उन्होंने टीम को जीत दिलाई, लेकिन इसका क्रेडिट कोई और लूट ले गया। रहाणे ने कहा कि मैं बस मुस्कुराता हूं जब लोग कहते हैं कि मेरा करियर खत्म हो गया है, जो लोग खेल को जानते हैं वे इस तरह बात नहीं करते हैं हर कोई जानता है कि ऑस्ट्रेलिया में क्या हुआ था। इससे पहले भी, लाल गेंद के खेल में मेरा योगदान, खेल से प्यार करने वाले लोग समझदारी से बात करेंगे। रहाणे ने कहा कि मुझे पता है कि मैंने



आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्या किया था, लेकिन यह मेरा स्वभाव नहीं है कि मैं जाकर क्रेडिट ले लूं। हां, कुछ फैसले थे जो मैंने लिए थे, लेकिन किसी और ने श्रेय लिया। मेरे लिए श्रृंखला जीतना महत्वपूर्ण था। उन्होंने आगे कहा कि यह टीम की जीत थी जो उनके लिए मायने रखती है ना कि व्यक्तिगत क्रेडिट जो दिए जा रहे हैं। आपको बता दें कि उस दौरे पर टीम इंडिया विराट कोहली की कप्तानी में खेलने गई थी। दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट एडिलेड में हुआ था जिसमें भारत को हार मिली थी। इसके बाद विराट कोहली भारत वापस आ गए थे। फिर रहाणे की कप्तानी में भारत ने दूसरा टेस्ट मैच मेलबर्ड में जीता और इमसें रहाणे ने शतक भी लगाया था। फिर तीसरा टेस्ट मैच सिडनी में ड्रा रहा तो वहीं चौथा टेस्ट मैच भारत ने गाबा में जीतकर चार मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली। उस वक्त टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री थे। जीत के बाद इसका श्रेय पूरी तरह से विराट कोहली और रवि शास्त्री को दिया गया था।

# रिषभ पंत की ओपनिंग का रिकार्ड शानदार, इस टीम के खिलाफ जड़ा था शतक, राहुल द्रविड़ ने दिया था मौका

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत ने दूसरे वनडे में नई ओपनिंग जोड़ी को आजमाया। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को भेजा गया था। केएल राहुल को होने के बाद भी कोच राहुल द्रविड़ ने उनको यह मौका दिया, जिसको लेकर कुछ लोगों ने हैरानी जताई। लेकिन यह पहला मौका नहीं था जब कोच द्रविड़ ने पंत से पारी की शुरुआत कराई है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत ने 44 रन से जीत हासिल की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 237 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 46 ओवर में 193 रन ही बना पाई। भारत ने इस जीत के साथ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। पहला मुकाबला भारत ने 6 विकेट से जीता था। सीनियर टीम में रिषभ पंत को पहली बार ओपनिंग करने का मौका मिला। पिछले मैच में इशान किशन ने पारी की शुरुआत की थी। दूसरे मैच में केएल राहुल को प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह मौका दिया गया। सबको उम्मीद थी राहुल ही कप्तान के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। जब बल्लेबाजी की बारी आइ तो रोहित के साथ पंत मैदान पर आए। 34 गेंद पर उन्होंने 18 रन की पारी खेली जिसमें 3 चौके लगाए। पंत को कोच द्रविड़ खिलाफ 57 रन की पारी खेल डाली थी। तीसरे मुकाबले में पंत ने नेपाल के खिलाफ 78 रन की पारी खेल डाली थी जबकि अगले मैच में नामिबिया के साथ दमदार शतक



काफी अच्छे से जानते हैं और उनके साथ अंडर 19 टीम में कोच रहते हुए काम कर चुके हैं। साल 2016 में उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान पंत से पारी की शुरुआत कराई थी। पहले मैच में वह फ्लाप रहे थे लेकिन दूसरे ही मुकाबले में न्यूजीलैंड के इस मैच में उनके बल्ले से 14 चौके 2 छक्के निकले थे और टीम ने 349 रन बनाए थे। 11 अंडर 19 मुकाबलों में पंत ने 41.27 की औसत से 454 रन बनाए हैं। इस में उनके बल्ले से 4 अर्धशतक और 1 शतकीय पारी देखने को मिली थी।

# बाल टेंपरिंग के लिए रवि बोपारा पर लगा भारी जुर्माना, टीम को भी भुगतना पड़ा खामियाजा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के आलराउंडर खिलाड़ी रवि बोपारा पर 7 फरवरी को खुलना टाइगर्स के खिलाफ बांग्लादेश प्रीमियर लीग मैच में गेंद से छेड़छाड़ के लिए उनकी मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उनकी इस गलती का खामियाजा टीम सिलहट सनराइजर्स को भी भुगतना पड़ा। पांच रन पेनाल्टी का देना पड़ा। द डेली स्टार ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के हवाले से जानकारी दी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खुलना टाइगर्स के खिलाफ मैच में सिलहट सनराइजर्स की कप्तानी कर रहे बोपारा के डीसिपिलिनरी रिकार्ड में तीन अंक जुड़ गए हैं। मैच के नौवें ओवर के दौरान हुई घटना में टीवी कैमरों पर बोपारा को गेंदबाजी करने से पहले गेंद पर नाखून को चलाते हुए दिख मैच रेफरी देबब्रत पाल ने शुरू में बोपारा पर तीन मैचों का बैन लगा दिया था, लेकिन अंतिम निर्णय टूर्नामेंट तकनीकी समिति एएसएम रोकीबुल हसन को करना था। तकनीकी समिति ने बुधवार (8 फरवरी) को बोपारा की अपील के बाद हल्की सजा देने का फैसला किया। बंगबंधु बांग्लादेश प्रीमियर लीग टी 20 2022 की तकनीकी समिति ने दंड को मंजूरी दी मैच रेफरी देवव्रत पाल द्वारा लगाए गए तीन मैचों के प्रतिबंध के खिलाफ बोपारा द्वारा अपील के बाद अंपायरों ने लेवल 3 (2.14) के उल्लंघन का दोषी पाया, जो 'गेंद की स्थिति को बदलने' से संबंधित है और बीपीएल के क्लाज 41.3 का उल्लंघन है मैच में मैदानी अंपायर महफूजुर रहमान और प्रगीत रामबुकवेला ने जल्दी से गेंद का निरीक्षण किया और इसे बदलने का आदेश दिया।

# कोरोना की भेंट चढ़ी टी20 सीरीज, आस्ट्रेलिया का न्यूजीलैंड दौरा हुआ रद

**वेलिंगटन।** कोरोना महामारी का असर अब भी खेल पर पड़ रहा है। खिलाडियों के स्वास्थ और इससे जुड़ी बातों को लेकर क्रिकेट बोर्ड



भी सख्त है। इसी का कारण है कि न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने होने वाली तीन मैचों की टी-20 क्रिकेट सीरीज कोरोना से जुड़े सीमा प्रतिबंधों के कारण रद कर दी गई। आस्ट्रेलिया ने पिछले साल नवंबर में टी-20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया था। दोनों टीमों को 17 से 20 मार्च तक नेपियर में तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी थी। इससे पहले भी आस्ट्रेलिया में खेली जा रही सीरीज पर संकट के बादल मंडराते रहे हैं। हाल ही खत्म हुई एशेज सीरीज के मुकाबलों को लेकर भी आशंका जताई जा रही थी। ओमिक्रोन वैरिएंट के आने के बाद से न्यूजीलैंड ने अंतरराष्ट्रीय सीमाएं फिर से खोलने का फैसला टाल दिया। ऐसे में सीरीज नहीं खेली जा सकती, क्योंकि आस्ट्रेलियाई टीम ने क्वारंटाइन का इंतजाम नहीं किया है।

## राशिफल

**मेष-:** आज कोई लेन-देन सोच-समझकर करें। एक तरफा प्यार आपको निराश कर सकता है। नई योजनाएं आकर्षक होंगी और अच्छी आमदनी का जरिया साबित होंगी।

**वृष-:** आज भाग्य आपका साथ देगा। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको दो गुना लाभ मिलने की संभावना है। निवेश करने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें तो बेहतर होगा।

**मिथुन-:** जीवनसाथी के मामले में बेवजह की टांगें लगाने से बचें. बेहतर होगा कि आप अपना खुद का व्यवसाय रखें। हस्तक्षेप कम से कम करें, अन्यथा यह निर्भरता का कारण बन सकता है।

**कर्क-:** आज के दिन किसी काम की तैयारी और शुरुआत करने से पहले तर्क की परीक्षा को गंभीरता से लेना सही रहेगा. संतान पक्ष से सहयोग की कमी रहेगी।

**सिंह-:** आज आपके परिवार में खुशियों की वृद्धि होगी. संतान की शिक्षा में उन्नति संभव है। माता-पिता का स्वास्थ्य आज बहुत अच्छा रहेगा। उनसे भी आपको पूरा सहयोग मिलने की उम्मीद है

**कन्या-:** आज का दिन विशेष है, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य आपको कुछ असाधारण कार्य करने की क्षमता देगा. आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे और यह संभव है कि अचानक आपको अनदेखा लाभ प्राप्त होगा।

**तुला-:** आज आपको शैक्षणिक कार्यों में सफलता मिलेगी. आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा क्योंकि आप जीवन को पूरी तरह से जीएंगे।

**वृश्चिक-:** छात्रों को सफलता के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी. आपकी मेहनत भी रंग लाएगी। घर में सुख-सुविधाओं से जुड़ा कुछ नया सामान खरीदने की भी संभावना है।

**धनु-:** घृणा को दूर करने के लिए संवेदनशीलता का स्वभाव अपनाएं, क्योंकि घृणा की आग बहुत शक्तिशाली होती है और शरीर के साथ-साथ मन को भी प्रभावित करती है

**मकर-:** आज आप अपने कार्य संबंधी यात्रा की तैयारी करेंगे. यह यात्रा आपको सफलता दिलाएगी। आज आप नई योजनाएँ बनाएंगे। धन प्राप्ति संभव है।

**कुंभ-:** आज का दिन अच्छा रहेगा. आज किसी नए प्रोजेक्ट में अपनी ऊर्जा लगाएं, आपको दोगुना लाभ होगा। यदि आप सरकारी अधिकारी हैं तो आपके तबादले का योग बन रहा है।

**मीन-:** आज आप जीवन का आनंद लेने के लिए खुद को सहज और सही मूड में पाएंगे। दिन के दूसरे भाग में आर्थिक लाभ होगा। अपनी गोपनीय जानकारी अपने जीवनसाथी के साथ साझा करने से पहले अच्छी तरह सोच लें।

# चार भारतीय खिलाडियों को बीसीसीआइ ने कहा, श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम में नहीं किया जाएगा शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के सेलेक्टर्स और टीम मैनेजमेंट ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टेस्ट सीरीज के लिए चार खिलाडियों को टीम में शामिल करने का फैसला नहीं किया है। इन चार खिलाडियों में अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, इशांत शर्मा और रिद्धिमान साहा के नाम शामिल हैं। बीसीसीआइ ने इन खिलाडियों को मंगलवार को सूचित कर दिया था कि उन्हें इस टेस्ट सीरीज के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा। बीसीसीआइ के एक शीर्ष अधिकारी ने इनसाइड स्पोर्ट्स से बात करते हुए जानकारी दी कि चयनकर्ता अब कुछ नए चेहरों को आजमाना चाहते हैं और इन चार खिलाडियों को इस बात की जानकारी दे दी गई है। ये फैसला भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ और टीम मैनेजमेंट के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के साथ परामर्श के बाद लिया गया है। हैं। अब उनकी उम्र भी हो चुकी है ऐसे में उनके आगे देखने का वक्त आ चुका है। हालांकि इन दोनों ने



अधिकारी के मुताबिक इशांत शर्मा और रिद्धिमान साहा को लेकर चयनकर्ताओं को लगता है कि ये अपना बेस्ट समय पार कर चुके भारतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ किया है और अच्छे खिलाड़ी रहे हैं। वहीं रहाणे और पुजारा के बारे में अभी ये कहा जा रहा है कि अगर वो घरेलू टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो टीम में उनकी वापसी हो चुकी है। रहाणे और पुजारा इस रणजी सीजन में अपनी घेरलू टीमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी-अपनी टीमों के साथ जुड़ चुके हैं। इन दोनों बल्लेबाजों का हालिया फार्म काफी खराब रहा था और खुद बीसीसीआइ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भी इन्हें घरेलू स्तर पर खेलते हुए कुछ रन बनाने की सलाह दी थी। आपको बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 25 फरवरी से होनी थी और दूसरा टेस्ट 5 मार्च से खेला जाना था, लेकिन अब पहले तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी और फिर दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा।

# क्या खत्म हो गया जेम्स एंडरसन व स्टुअर्ट ब्राड का करियर एंड्रयू स्ट्रास ने कही ये बात

**लंदन ।** टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्राड को अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। दोनों गेंदबाजों को यह भी आश्वासन नहीं मिला है कि उनका टेस्ट करियर बचा है। इंग्लैंड की टीम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 24 फरवरी को वेस्टइंडीज रवाना होगी। एशेज सीरीज में आस्ट्रेलिया के हाथों 0-4 से हार के बाद इंग्लैंड टीम आमूलचूल बदलाव की प्रक्रिया में है। मुख्य कोच, सहायक कोच और क्रिकेट निदेशक के अलावा आठ खिलाडियों को हटा दिया गया है। ब्राड और एंडरसन के अलावा उप कप्तान जोस बटलर, डेविड मलान, सैम बिलिंग्स, डोम बेस, रोरी बर्न्स और हसीब हमीद को भी टीम में जगह नहीं मिली है। पूर्व टेस्ट कप्तान और एश्ले जाइल्स के जाने के बाद अंतरिम क्रिकेट निदेशक बने एंड्रयू स्ट्रास ने कहा, 'नए सत्र की शुरुआत के साथ चयन समिति ने नए सिरे से टेस्ट टीम चुनी है।' उन्होंने 39 वर्ष के एंडरसन और 35 वर्ष के ब्राड के बारे में कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि उनके लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। हमारा मानना है कि नए गेंदबाजों को मौका दिए जाने की जरूरत है। कैसे करना है, वह नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कोच पर निर्भर होगा।' एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए 169 टेस्ट में 640 विकेट लिए हैं, जबकि ब्राड ने 152 टेस्ट में 537 विकेट चटकाए हैं। मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड और सहायक कोच ग्राहम थोर्प के जाने के बाद पाल कोलिंगवुड टीम के साथ वेस्टइंडीज जाएंगे।

# नई फ्रेंचाइजी अहमदाबाद के नाम का हुआ एलान, हार्दिक पांड्या होंगे कप्तान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में 10 टीमें खेलती दिखाई देंगी। इस बार दो नई फ्रेंचाइजियों लखनऊ और



अहमदाबाद को जोड़ा गया है। इस बीच नई फ्रेंचाइजी अहमदाबाद ने अपने नाम का एलान कर दिया है। आलराउंडर हार्दिक पांड्या इस टीम की कप्तानी करेंगे। गेंदबाज आशीष नेहरा मुख्य कोच हैं। सीवीसी कैप्टिल की स्वामित्व वाली टीम का नाम गुजरात टाइटंस होगां कि लखनऊ की टीम के नाम का एलान पहले ही हो चुका है। केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम का नाम लखनऊ सुपरजाइंट्स है। कि 12 और 13 फरवरी को आइपीएल का मेगा आक्शन होना है। इससे पहले नई फ्रेंचाइजी अहमदाबाद ने अपने टीम का एलान कर दिया है। टीम के नाम का जब एलान हुआ तो कप्तान हार्दिक और कोच नेहरा मौजूद थे। टीम में हार्दिक पांड्या के अलावा अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल भी टीम में हैं

# प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदबाजी का कायल हुआ पूर्व आलराउंडर, तारीफ में कही ये बात

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व आलराउंडर इरफान पठान ने बुधवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के दूसरे एकदिवसीय मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की तारीफ की। रोहित शर्मा और उनकी टीम ने दूसरे एकदिवसीय मैच में 44 रन से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। प्रसिद्ध कृष्णा के चार विकेट लेने से भारत को 237 रनों का बचाव करने में मदद मिली और दूसरे एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को 44 रनों से हरा दिया। इसक बाद प्रसिद्ध कृष्णा की तारीफ करते हुए इरफान पठान ने ट्वीट किया, 'प्रसिद्ध कृष्ण आज शानदार दिखे। दुबले-पतले तेज गेंदबाज को इस तरह से आगे बढ़ते हुए देखकर



अच्छा लगा। वेलडन टीम इंडिया।' सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल ने 64 और 49 रनों की पारी खेली, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण मेजबान टीम को वेस्टइंडीज ने निर्धारित पचास ओवरों में 237/9 पर रोक दिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और ओडियन स्मिथ ने दो-दो विकेट लिए। 238 रनों के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 46 ओवर में 193 रन पर ढेर हो गई। प्रसिद्ध ने अपने छोटे से वनडे करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नौ ओवर में 12 रन देकर चार विकेट झटके। प्रसिद्ध पहली बार आठवें ओवर में गेंदबाजी करने आए। उस समय तक शाई होप (27) की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दिला चुके थे। अपनी तीसरी ही गेंद पर प्रसिद्ध ने अतिरिक्त उछाल हासिल की और किंग इस पर बल्ला छुआ बैठे, जिस पर विकेटकीपर रिषभ पंत ने सिर के ऊपर शानदार कैच लपका। पहली गेंद पर प्रसिद्ध ने डेरेन ब्रावो (1) के खिलाफ विकेट के पीछे कैच की अपील की, लेकिन अंपायर ने नाटआउट करार दिया।

# कौशल और डिजिटल शिक्षा के प्रति संकल्पित केंद्रीय बजट

किसी देश के आर्थिक विकास और समृद्धि में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कौशल, तकनीकी नवाचारों तथा अन्य विशिष्टताओं में दक्ष मानव-पूंजी रोजगार सृजन और उत्पादकता में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाती है। केंद्रीय बजट 2022-23 में शिक्षा को प्रमुखता के साथ स्थान दिया गया और शिक्षा के लिए रिकार्ड 1,04,278 करोड़ रुपये आवंटित किये गए जो गत वर्ष 21-22 में आवंटित किए गए 93,224 करोड़ रुपये की तुलना में 11.86 प्रतिशत ज्यादा है शिक्षा को डिजिटलीकरण की तरफ बढ़ावा देने वाले प्रगतिशील बजट की शिक्षाविदों द्वारा व्यापक रूप से सराहना की गई है, क्योंकि यह बजट राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 और डिजिटल इंडिया मिशन के दृष्टिकोण को आत्मसात करते हुए आनलाइन शिक्षा पद्धति को समृद्ध करने और कौशलयुक्त युवाओं के सृजन के प्रति संकल्पित दिखता है। एक मजबूत डिजिटल शिक्षा नेटवर्क के द्वारा ही पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सकती है। निरंतर विकसित होने वाली प्रौद्योगिकी ने ज्ञानवर्धक ई-सामग्री के साथ डिजिटल शिक्षा को अत्यंत प्रेरक, संवादात्मक और आकर्षक बना दिया है। 21वीं सदी में, जहां हमारे जीवन और कार्य गतिविधियों पर डिजिटलीकरण का बोलबाला है, डिजिटल शिक्षा पद्धति शिक्षार्थियों के लिए उनके कौशल और ज्ञान की आवश्यकता के अनुरूप पाठ्य सामग्री की सुलभता सुनिश्चित करा सकेगी। विभिन्न प्रकार की दिलचस्प ई-सामग्रियों से शिक्षार्थियों के ज्ञान और कौशल में वृद्धि होगी। विषय सामग्री और अद्यतन रोचक आनलाइन पाठ्य सामग्री के साथ शिक्षार्थियों का अधिक जुड़ाव उनके प्रदर्शन और महत्वपूर्ण सोच-क्षमता को बढ़ाएगा। अन्य देशों की तरह भारत को पिछले दो वर्षों के दौरान कोविड महामारी के परिणामस्वरूप शैक्षणिक संस्थानों के बंद होने के कारण पारंपरिक कक्षा शिक्षण में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। महामारी के कारण आफलाइन शिक्षण की हानि को कम करने और नियमित शैक्षणिक कैलेंडर बनाए रखने के लिए देश के विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा आनलाइन प्लेटफार्म और ई-सामग्री का भरपूर उपयोग किया गया जिससे आनलाइन शिक्षण को बढ़ावा मिला तथा शिक्षण-अधिगम और मूल्यांकन आनलाइन मोड में स्थानांतरित होते चले गए। शिक्षा क्षेत्र के सभी हितधारकों ने महामारी के दौरान ई-लर्निंग की संभावनाओं को महसूस किया और इसके अभ्यस्त हो गए। एनईपी-2020 के अनुसार वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 50 प्रतिशत हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित है जिसे विभिन्न प्रकार के गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री की उपलब्धता के साथ देश भर में एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। बजट में डिजिटल शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है और स्कूली बच्चों के लिए ई-सामग्री के विकास और पीएम ई-विद्या योजना के तहत एक कक्षा एक टीवी चैनल कार्यक्रम को 200 टीवी चैनलों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव है। इससे समाज के सभी वर्गों से आने वाले स्कूली बच्चों, विशेषकर सरकारी स्कूलों, ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों से आने वाले बच्चों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री का वितरण सुनिश्चित हो सकेगा। क्षेत्रीय भाषाओं में उच्च गुणवत्तायुक्त ई-शिक्षण सामग्री वाले लगभग 200 टीवी चैनल निश्चित रूप से बच्चों को उनके क्लास रूम शिक्षण-अनुभव के पूरक का कार्य करेंगे और देश के विभिन्न हिस्सों के छात्रों के बीच



स्थित भाषाई बाधाओं को दूर करेंगे। यह योजना ग्रामीण और उपनगरीय क्षेत्रों में रहने वाले उन बच्चों के लिए एक बड़ा वरदान होगी, जहां उचित इंटरनेट कनेक्टिविटी का न होना अभी भी एक समस्या है, और छात्रों को महामारी के पिछले दो वर्षों के दौरान पर्याप्त औपचारिक स्कूली शिक्षा नहीं मिल पाई है। क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा से लगभग 65 प्रतिशत आबादी वाले ग्रामीण भारत में साक्षरता तेजी से बढ़ेगी। इससे देश के सामाजिक, आर्थिक परिदृश्य में एक सशक्त बदलाव सामने आएगा। यह बजट एक ऐसे शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण का प्रस्ताव करता है जो रोजगार केंद्रित होगा। इसके लिए आनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं के कौशल, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग के लिए एक डिजिटल स्किलिंग प्लेटफार्म 'देश-स्टैक ई-पोर्टल आरंभ करने का प्रस्ताव है। रोजगार क्षेत्रों की मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिभाशाली और कुशल युवाओं को तैयार करने के लिए उठाया गया यह एक स्वागत योग्य कदम है। यह देश में कुशल युवाओं की कमी को दूर करेगा और युवाओं को अपने कौशल को परिष्कृत करने और उन्हें अपने पेशेवर जीवन के उद्देश्यों को निर्धारित करने और आजीविका प्राप्ति में मदद करेगा। नियोक्ताओं की जरूरतों के साथ तालमेल बिठाते हुए अधिकाधिक युवा रोजगार योग्य बनेंगे। इससे अधिक से अधिक रोजगार का सृजन होगा। उद्योगों और अन्य क्षेत्रों की आवश्यकताओं को उन संबंधित क्षेत्रों में युवाओं को कुशल बनाकर ही पूरा किया जा सकता है। उद्योगों की मांग के अनुरूप 'राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे को संरेखित करने का कदम युवाओं को नियमित रूप से खुद को उन्नत करने और नौकरियों की मांगों के अनुरूप अपने को सदा कुशल और प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उत्साहित करेगा। इसके अलावा, बजट के अनुसार, युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने के लिए राज्यों के आइटीआइ नए-नए कौशल पाठ्यक्रम तैयार करेंगें और कौशल के साथ-साथ महत्वपूर्ण सोच को बढ़ावा देने के लिए वर्चुअल स्किलिंग ई-प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। युवाओं में उद्यमशीलता या नौकरी-कौशल के प्रशिक्षण से उनके उद्यमी बनने या वांछित नौकरी पाने के लिए अवसर प्राप्त होंगें। युवाओं को अपने करियर के निर्माण के लिए तेज गति से आगे बढ के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। एक प्रगतिशील अर्थव्यवस्था के रूप में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कुशल युवाओं को रोजगार देने की अपार संभावनाएं हैं। भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए बजट में एक 'डिजिटल विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो डिजिटल मोड में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय होगा जो पूरे देश के छात्रों को विश्व स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा। यह विश्वविद्यालय हब और स्पोक माडल के आधार पर होगा जहां एक केंद्रीकृत हब से आनलाइन शिक्षा सामग्री देश के विभिन्न स्थानों अर्थात स्पोक से प्राप्त की जा सकेगी। देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय डिजिटल विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करेंगे। देश के दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्र घर बैठे विभिन्न भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और उच्च शिक्षा में जीईआर को बढ़ावा मिलेगा। डिजिटल विश्वविद्यालय का निर्माण आज की आवश्यकता है, क्योंकि यह न केवल जनता में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देगा बल्कि इससे देश की ग्रामीण आबादी को समान रूप से गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिल सकेगी। आनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए, विगत वर्षों में देश के कई विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। वर्तमान समय के डिजिटल युग में, जब शिक्षा केवल कक्षाओं और पाठ्य पुस्तकों तक ही सीमित नहीं है भारतीय भाषाओं में शक्तिशाली ई-सामग्री के साथ डिजिटल शिक्षा विद्यालयीय और उच्च शिक्षा में नामांकन को बढ़ावा देगी। इससे समाज के सुदूर क्षेत्रों और सभी वर्गों तक शिक्षा की पहुंच बनेगी, शैक्षिक विषमताएं मिटेंगी, एक जीवंत ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा और शिक्षा का लोकतंत्रीकरण सुनिश्चित हो सकेगा । युवाओं को कुशल बनाने और शिक्षा में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा बजट के ये प्रस्ताव एनईपी-2020 और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं, ताकि समाज में सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

## सम्पादकीय

### भारतीय राष्ट्र की संकल्पना पर सवाल उठाकर राहुल गांधी ने बढ़ाई अपनी और कांग्रेस की मुश्किलें

लंबे समय तक हिंदू और हिंदुत्व के बीच अनावश्यक, अनर्गल भेद खड़ा करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अब भारतीयता के अभिप्राय पर आपत्तिजनक बयान दिया। उन्होंने संसद में यह कहकर चौंका दिया कि भारत राष्ट्र नहीं, बल्कि राज्यों का समूह है। जिस प्रकार हिंदुत्व को हिंदू धर्म से अलग दिखाने का प्रयास दुर्भावना से प्रेरित था, उसी प्रकार भारत की संवैधानिक अवधारणा का अनर्थ राहुल के दुराग्रह का प्रदर्शन था। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके बयान की गंभीरता को समझते हुए राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने संबोधन का काफी समय इसका जवाब देने के लिए दिया। अपने बयान द्वारा राहुल ने यह जताने का प्रयास किया कि राज्यों की दया और स्वेच्छा से भारत का अस्तित्व मात्र एक देश के रूप में है और भारत राष्ट्र तो कतई नहीं है। भारत की यह व्याख्या सांस्कृतिक और संवैधानिक रूप से तो गलत है ही, यह कांग्रेस के उन मूल्यों का उपहास भी है, जिनकी प्रेरणा से पार्टी ने भारत को समग्र राष्ट्र मानकर स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी थी। बंकिमचंद्र के राष्ट्रवादी घोष 'वंदे मातरम' को अपना क्रांति मंत्र बनाने वाली पार्टी, जिसका औपचारिक नाम ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है, यदि ऐसे नेता का नेतृत्व पाती है, जो भारत की राष्ट्रीय अवधारणा को नकार दे तो इससे पता चलता है कि पार्टी न सिर्फ अपना मूल चरित्र खो बैठी है, बल्कि उन मूल्यों के विरोध में खड़ी हो गई है, जिन्हें लेकर उसका सृजन हुआ था। यहां राष्ट्र और देश के बीच का भेद समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि राहुल और उन्हीं की तरह के अन्य लोग जब भारत को राष्ट्र मानने से इन्कार करते हैं तो उनकी मंशा क्या होती है जहां देश मात्र भौगोलिक सीमाओं से चिन्हित और संवैधानिक अधिकार से चलने वाली राजनीतिक इकाई है, वहीं राष्ट्र वह चेतना है जो साझा इतिहास, समान संस्कृति एवं सभ्यता के गौरव को आधार बनाकर उस राजनीतिक इकाई का सहज और स्वाभाविक एकीकरण करती है। यदि देश शरीर है तो राष्ट्र उसकी आत्मा है। राष्ट्रीय चेतना के अभाव में देशों की सीमाएं चलायमान और अस्तित्व संदिग्ध रहता है। वहीं राष्ट्रभाव, राष्ट्र-राज्य यानी नेशन स्टेट को उसकी विशिष्टता, स्थायित्व, दीर्घता, सांस्कृतिक शोभा, सामाजिक समरसता और राजनीतिक एकता प्रदान करने का ठोस आधार देता है। संविधान के जिस अनुच्छेद एक का उल्लेख कर राहुल ने भारत को राष्ट्र नहीं, बल्कि महज राज्यों का संघ बताया, वह संविधान की मूल भावना के सर्वथा विपरीत निकाला गया अर्थ है। अनुच्छेद एक में 'इंडिया दैट इज भारत' में भारत स्पष्ट रूप से एक पुरातन, सांस्कृतिक राष्ट्र इंगित है। जहां तक बात 'यूनियन आफ स्टेट्स' यानी राज्यों का संघ होने की है तो यह शब्दावली राष्ट्र के विरोध में नहीं, बल्कि उसके शासकीय ढांचे को उद्धत करने के लिए की गई है। राहुल यदि यूनियन आफ स्टेट्स का अर्थ ढीले-ढाले, स्वायत्त राज्यों के संघ से समझते हैं तो संविधान निर्माता यूनियन की जगह फेडरेशन शब्द का उपयोग करते। यूनियन बनाम फेडरेशन की चर्चा संविधान सभा में हुई थी और डा. भीमराव आंबेडकर ने दो कारणों से भारत को फेडरेशन मानने से इन्कार किया था। पहला तो यह कि भारतीय राष्ट्र स्वाधीन राज्यों के बीच हुए किसी समझौते का परिणाम नहीं और दूसरा इसलिए कि भारतीय कल्पना में राज्यों को देश से अलग होने की छूट नहीं। आंबेडकर ने स्पष्ट किया था कि फेडरेशन की जगह यूनियन शब्द के प्रयोग का कारण भारत की मजबूत संघीय कल्पना ही है। एक मजबूत संघीय ढांचे के तहत राष्ट्रभाव को संवैधानिक रूप देने के लिए आंबेडकर ने संविधान सभा के कई सदस्यों की नाराजगी भी झेली। मौलाना हसरत मोहानी ने उन पर आरोप लगाया कि वह भारत को बिस्मार्क, कैसर विल्हेम और हिटलर के जर्मनी की तर्ज पर एकीकृत शासन व्यवस्था के अधीन लाना चाहते हैं। इस्लामी राष्ट्र पाकिस्तान के निर्माण और गांधीजी के राष्ट्र विभाजन के प्रबल विरोध के बाद भारतीय राष्ट्रभाव को इस प्रकार लांछित करना बेहूदगी थी, परंतु किसी ने यह आशा नहीं की थी कि नेहरू-गांधी खानदान में भी कभी कोई केंद्रीकृत संघीय ढांचे का विरोध करेगा।

## डिजिटल भारत सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के लिए रीढ़ की हड्डी बनेगा

कौटिल्य के अर्थशास्त्र, रामराज्य, महाभारत और तिरुवल्लुवर के तिरुक्कुरल की परंपरा में एवं भारत के विभिन्न प्राचीन ग्रंथों में एक समावेशी कल्याण नीति, एक सरल कर निर्धारण नीति और एक न्यूनतम नियम नीति की आवश्यकता का उल्लेख मिलता है। इस वर्ष का बजट जन कल्याण, कर निर्धारण और सुगम नियमावली में प्रभावी ढंग से तालमेल बनाते हुए, हमारे पूर्वजों के श्रेष्टज्ञान को दर्शाता है। भारत के अमृत काल का खाका : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 2022-23 के बजट को भारत के अमृत काल का खाकाठ कहना ज्यादा सही होगा। भारत इस वर्ष आज़ादी के 75 वर्ष मना रहा है और अगले 25 वर्षों में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने की दिशा में बढ़ रहा है। यह बजट भारत की संस्कृति, शक्ति, समृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय प्रभुत्व के मार्ग में सूर्य के प्रकाश जैसा काम करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की महान संस्कृति परम्पराओं को तकनीकी के साथ जोड़कर एक आधुनिक भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उनकी इस परिवर्तनकारी सोच से ही दुनिया में भारत डंका बज रहा है। सुशासन के लिए उनके विचार, नीति निर्माण में सामान्य जन को प्राथमिकता और जन भागीदारी की नीति ही मोदी सरकार की विशेषता है। मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर : केंद्रीय बजट कई नए विचारों को लाकर, उन्हें सरकारी नीतियों और व्यय के ढांचे में समाहित करके इस परंपरा को जारी रखता है। मोदी सरकार ने अमृत काल के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे महत्वाकांक्षी, व्यापक और स्पष्ट हैं। इन लक्ष्यों से चार प्राथमिकताएं प्राप्त होंगी- 1) प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना (देश में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक नई दृष्टि ) (2) समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने वाला प्रगतिशील समावेशी विकास, (3) निवेश और उत्पादकता में वृद्धि के अभिनव वित्तपोषण, (4) सूर्योदय क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना बजट इन लक्ष्यों और प्राथमिकताओं पर सरकार के दृष्टिकोण को बहुत ही कुशलता और प्रभावी ढंग से रेखांकित करता है। यह बजट मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर देता है जैसा कि वर्षों से मोदी सरकार का फोकस रहा है। 'प्रधानमंत्री गति शक्ति' योजना के तहत सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, जन परिवहन, जलमार्ग और भण्डारण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बजटीय पूँजीगत व्यय में 35झ् बढ़ोतरी की है। वर्ष 2022-23 में यह खर्च 7.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है वन क्लास वन टीवी चैनल' कार्यक्रम को 12 से 200 चैनलों तक विस्तारित किया जाएगा और सभी राज्यों को कक्षा 1 से 12 तक क्षेत्रीय भाषाओं में पूरक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाया जाएगा। डिजिटल विश्वविद्यालय के तहत प्रस्तावित बजट 2022-23 छात्रों के सीखने की गति को भी बढ़ावा देगा। बजट में सरकार का ध्यान खेलों को बढ़ावा देने पर भी है।

## एक वर्ग में दूसरे का भय पैदा कर मतदाताओं को लुभाने की घातक रणनीति समाज में तनाव ही बढ़ाएगी

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान के साथ पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की शुरुआत हो रही है। वैसे तो ये सभी चुनाव महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सबसे अधिक नजर उत्तर प्रदेश और पंजाब पर लगी हुई है। पंजाब सुरक्षा की दृष्टि से जम्मू-कश्मीर के बाद दूसरा सबसे संवेदनशील प्रांत है। पिछले करीब एक साल से पंजाब कांग्रेस में मची हलचल और कैप्टन अमरिंदर सिंह की विदाई के बाद बदलते राजनीतिक समीकरणों के कारण लोगों की उत्सुकता यह जानने में है कि वहां किसकी सरकार बनेगी? जिस तरह पिछले कुछ महीनों में वहां फिर से उग्रवाद को बढ़ावा देने के प्रमाण मिले हैं, उससे भी यह चुनाव महत्वपूर्ण हो गया चर्चा का विषय बना है। यद्यपि हमलावर गिरफ्तार हो चुके हैं। उनका पिछला कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। उनके इंटरनेट मीडिया अकाउंट से पता चलता है कि उनके अंदर बढ़ती इस्लामिक कट्टरता को लेकर काफी गुस्सा था। कानून अपने अनुसार उन्हें सजा देगा, लेकिन ऐसा बताया जा रहा है जैसे सुनियोजित तरीके से उन पर हमला कराया गया हो। इसके बाद भी ओवैसी सुरक्षा लेने को तैयार नहीं। सच कहें तो उत्तर प्रदेश चुनाव में जिस तरह का माहौल बनाया गया है, प्रतिक्रियाएं भी उसी के अनुरूप आ रही हैं। सच यह है कि पूरे चुनाव के दौरान गैर भाजपा दलों ने किसी न किसी रूप में मुसलमानों के अंदर डर पैदा करने



है। वहीं भारत का शायद ही कोई कोना हो जहां राजनीति में रुचि रखने वाले व्यक्ति की निगाहें उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव पर न लगी हों। उत्तर प्रदेश के चुनाव को सत्तारूढ़ भाजपा का विरोध करने वालों ने जिस वैचारिक स्तर पर ले लिया है, उससे यह किसी राज्य का विधानसभा चुनाव न होकर राष्ट्रीय चुनाव जैसा हो गया है। पंजाब को लेकर भी भारत के बाहर अभिरुचि है, लेकिन उसका चरित्र उत्तर प्रदेश से अलग है। हाल में उत्तर प्रदेश में असदुद्दीन ओवैसी पर हमला देश और विदेश में व्यापक की कोशिश की है। यद्यपि गैर भाजपा दलों के शीर्ष नेता सार्वजनिक वक्तव्य में ऐसी कोई बात कहने से बचते हैं जिससे लगे कि वे किसी स्तर पर मुसलमानों को आकर्षित करने में लगे हैं। कारण साफ है। उन्हें भय है कि अगर यह संदेश चला गया कि वे मुसलमानों के वोट के लिए लालायित हैं तो मौजूदा माहौल में हिंदुओं का बड़ा समूह इसके विरुद्ध मतदान कर सकता है। इसलिए वे सार्वजनिक स्तर पर नहीं बोलते, लेकिन उस क्षेत्र के लोग जानते हैं कि किस तरह माहौल बनाया गया है। मुसलमानों के अंदर भाजपा का भय पैदा कर वोट लेने की रणनीति समाज में घातक तनाव और सांप्रदायिकता का माहौल पैदा करने का काम कर सकती है। इसके परिणाम क्या हो सकते हैं, यह बताने की आवश्यकता नहीं। असदुद्दीन ओवैसी का सोच लंबे समय से देश के सामने है। हैदराबाद से बाहर निकलकर उन्होंने देश भर में स्वयं को मुसलमानों का सबसे बड़ा रहनुमा साबित करने के लिए जिस आक्रामकता से अपने विचारों की अभिव्यक्ति की है, उससे परिवेश विषाक्त हो रहा है। वह इस समय उत्तर प्रदेश में मुसलमानों की बात ऐसे कर रहे हैं, मानो वर्तमान शासन में उन्हें हिंदुओं के बड़े समूह के दबाव और आतंक के साये में जीना पड़ रहा है। ओवैसी बंधुओं के बयानों ने पूरे भारत में गैर मुस्लिम समुदाय खासकर हिंदुओं के बड़े समूह के अंदर गुस्सा औरं ंचता पैदा की है। विवेकशील व्यक्ति कभी नकारात्मक या हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करते, किंतु हमारा संपूर्ण समाज हर समय विवेक और संतुलन से ही विचार करे, यह आवश्यक नहीं। असदुद्दीन ओवैसी और अन्य दलों के उनके जैसे नेता यह समझने को तैयार नहीं कि मुस्लिम वोट पाने या मुसलमानों को भाजपा के विरुद्ध उकसाने के उनके रवैये के विरुद्ध भी प्रतिक्रिया हो रही है। ऐसे में इन दलों को थोड़ा ठहर कर अपनी पूरी राजनीति पर विचार नहीं करना चाहिए अगर बार-बार जाट-मुस्लिम एकता की बात की जाएगी तो उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया भी होगी। इसी तरह कोई बार-बार मुसलमानों को पीड़ित तथा शासन के अंदर उन्हें दबा-कुचला बताएगा तो उससे गुस्सा पैदा होगा। वैसे उत्तर प्रदेश में जिस जाट-मुस्लिम एकता की बात की जा रही है, वैसा धरातल पर नहीं है। जाट ऐसे नहीं हैं कि अपनी जाति के किसी एक व्यक्ति के कारण एक पार्टी के पूरी तौर पर खिलाफ हो जाएं। विरोधी दल के लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कैराना से लेकर अन्य जगहों के बारे में दिए गए वक्तव्यों को सांप्रदायिकता का प्रतीक बता रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश चुनाव में भाजपा और सपा में ही टक्कर

आज यानी गुरुवार को उत्तर प्रदेश में पहले चरण का विधानसभा चुनाव आयोजित किया जा रहा है। महामारी के कारण चुनावों पर कई तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं। संक्रमण जनित कारणों का चुनाव आयोग ने संज्ञान लेकर चुनाव प्रचार में बहुत कम ढील दी है। ऐसे में वास्तविक रैली की जगह आभासी रैली पर आश्रित चुनाव का गुणा गणित आधुनिक तकनीक के सहारे मजबूत हो रहा है। दिल्ली की सत्ता की राह उत्तर प्रदेश से ही आगे बढ़ती है। कुल 403 विधायकों और 80 लोकसभा सदस्यों की किस्मत तय करने वाला यह प्रदेश चर्चा के केंद्र में है। भाजपा सरकार में मंत्री



पद का लाभ लेने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य साथियों समेत समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। हालांकि जिस दलित प्रेम का प्रदर्शन वह जता रहे हैं, उसकी पूर्ति के लिए इसे अवसरों की कमी का रोना माना जाएगा। नामांकन से पहले दल बदलने के लिए आतुर जनप्रतिनिधियों को सुविधाओं और संभावनाओं के अनुकूल अवसर की तलाश रहती है। इसे राजनीतिक दलों में भगदड़ मचने का सही समय माना जाता है। इस कड़ी में मुलायम सिंह यादव के परिवार से अपर्णा यादव व प्रमोद गुप्ता जैसे नेताओं ने समाजवादी पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। चुनावी वैतरणी पार करने में दलबदल में शामिल नेताओं की भूमिका सुर्खियों में है। इंदिरा गांधी के दौर में कांग्रेस में आयाराम गयाराम का चरित्र उभरा था। लड़की हूं लड़ सकती हूं- जैसे नारे के साथ आज प्रियंका गांधी मैदान में हैं। हालांकि इसमें भी अनेक विसंगतियां सामने आई हैं। इस नारे की -पोस्टर गर्ल- रही महिला प्रियंका मौर्य ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस कड़ी में राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले आरपीएन सिंह भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। इत्र की खुशबू फैलने पर उत्तर प्रदेश की राजनीति में योगी के खिलाफ सक्रिय सभी शक्तियां एकजुट होने लगीं। मोदी विरोधी शक्तियां भी इसमें शामिल हो गईं। इनके समर्थन से समाजवादी पार्टी की जीत का दावा भी किया जा रहा है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मायावती और अखिलेश यादव का गठबंधन सफलता नहीं अर्जित कर सका। समाजवादी पार्टी समर्थकों ने बसपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकमुश्त वोट किया। परंतु समाजवादी पार्टी के सभी प्रत्याशियों को बसपा समर्थकों का बराबर सहयोग नहीं मिलता है। बहुजन समाज के लोग उम्मीवारों को देखकर अपनी पसंद का नेता तय करते हैं। भाजपा की रणनीति में इस स्थिति का बेहतर आकलन दिखता है। दलित और महिलाओं के प्रतिनिधित्व के सवाल पर योगी की रणनीति मायावती और प्रियंका गांधी को चुनौती देती है। आज उत्तर प्रदेश की राजनीति में भाजपा अनुप्रिया पटेल की अपना दल और संजय निषाद की निषाद पार्टी के साथ चुनाव लड़ रही है। समाजवादी पार्टी नीत गठबंधन में राष्ट्रीय लोक दल शामिल है। इन्हीं दोनों के बीच टक्कर है। हालांकि बसपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी तीसरे नंबर पर जगह बनाने के लिए मैदान में डटे हैं। साथ ही चुनाव के इस मौसम की गरमी बरकरार रखने के लिए असदुद्दीन ओवैसी भी मौजूद हैं। मुस्लिम और दलित नेताओं के हाथ में सत्ता सौंपने का सपना दिखाने के साथ ही ये हिंदुत्व के शंखनाद के विरुद्ध सक्रिय हैं। इन कारणों से योगी के पक्ष में बहुसंख्य समाज एकत्रित होगा। विकास की तमाम युक्तियों के बावजूद उत्तर प्रदेश और बिहार की राजनीति में जातीय समीकरण अहम भूमिका निभाती है। इस तथ्य को ध्यान में रखकर ही तमाम राजनीतिक दल जातीय समीकरण साधने में लगे हैं। सपा गठबंधन कांग्रेस व बसपा जैसी पार्टियों के बदले स्थानीय स्तर पर सक्रिय जातीय समूह के नेताओं को साथ लेकर जंग जीतने की रणनीति के साथ मैदान में हैं। विजय रथ यात्रा में जुटी भीड़ से इसकी पुष्टि होती है। पर क्या यह जीत सुनिश्चित कर सकेगा इस मुश्किल सवाल का जवाब प्रतिनिधित्व के विश्लेषण से ही हल होता है। उत्तर प्रदेश के 86 आरक्षित सीट को ध्यान में रखकर मायावती द्वारा जारी प्रत्याशियों की सूची में 300 में से 90 दलित हैं। सूबे के 21 प्रतिशत दलित लोगों को बसपा समर्थक कहा जाता है। पिछले चुनाव में ऐसी 70 सीटों पर जीत दर्ज कर योगी सरकार अस्तित्व में आई थी। इस बार 67 प्रतिशत सीट पर दलितों और महिलाओं के प्रतिनिधित्व के साथ भाजपा मैदान में है। प्रियंका गांधी की कांग्रेस ने 40 प्रतिशत सीट पर महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है तो सपा और रालोद गठबंधन भी दलित हित की पैरवी कर रही है। वंचित समाज के आम लोगों के करीब पहुंचने के मामले में आज उत्तर प्रदेश की सियासत में साझेदारी की ख्वाहिश रखने वाले दलों को भाजपा से ही सीख लेने की जरूरत है। जनता और नेता प्रचार और वास्तविकता का यह भेद समझ कर गांधी और लोहिया का समाजवादी सपना यदि साकार करने का दावा करे तो देशहित में होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में बनेगा कड़ा मतांतरण विरोधी कानून, लव जेहादियों के पागलपन से बचाएगा लोगों को

**चंडीगढ़।** हरियाणा में मतांतरण विरोधी कानून बनेगा। इससे राज्य में लव जिहाद पर रोक लगेगी और लोग लव जिहादियों के पागलपन से बच सकेंगे। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के बाद मतांतरण विरोधी कानून बनाने वाला हरियाणा देश का छठा राज्य होगा। विश्व हिंदू परिषद के नेता लंबे समय से हरियाणा में मतांतरण विरोधी कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। हरियाणा का मेवात इलाका (अब नूंह) मतांतरण के लिए पूरी तरह बदनाम है। कई हिंदूवादी संगठन अवैध गतिविधियों के लिहाज से मेवात को 'मिनी पाकिस्तान' तक का नाम देते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा मतांतरण विरोधी कानून का ड्राफ्ट तैयार करने वाली कमेटी को प्रदेश में धर्म परिवर्तन के 77 मामले हाथ लगे हैं, जबकि आरटीआइ में तीन सालों के भीतर चार मामलों की जानकारी सामने आई है। रिकार्ड पर नहीं आ पाने वाले मामलों की संख्या सैकड़ों हो सकती है।विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री डा. सुरेंद्र कुमार जैन और प्रवक्ता विनोद कुमार बंसल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले साल मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर हरियाणा खासकर मेवात में मतांतरण के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए उन्हें एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें मतांतरण के मामलों के पुख्ता प्रमाण साथ जोड़े गए थे। तभी फरीदाबाद में निकिता तोमर हत्याकांड हो गया, जिसके बाद मतांतरण विरोधी कानून की मांग ने जोर पकड़ लिया था।

# अरविंद केजरीवाल सरकार का बड़ा फैसला, दिल्ली जल बोर्ड के सैकड़ों कर्मचारी हुए पर्मानेंट

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड के सैकड़ों कर्मचारियों को नए साल पर बड़ा तोहफा दिया है। दिल्ली जल बोर्ड के सैकड़ों कच्चे कर्मचारी अब पक्के किए गए हैं। अरविंद केजरीवाल सरकार के इस फैसले से 700




कर्मचारियों की सरकारी नौकरी पर्मानेंट हो गई है और सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी लाभ इन्हें अब मिलेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को खुद कर्मचारियों को अपने हाथों अप्वाइंटमेंट लेटर नियमित होने का सर्टिफिके दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली जल बोर्ड में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया गया है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में बुधवार को माननीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई नौकरी का सर्टिफिकेट दिया। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड के 700 कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया है। बुधवार को इन्हें पक्की नौकरी का पत्र देते हुए खुशी हो रही है। अब इन कर्मचारियों के जीवन में भी खुशहाली आएगी। दिल्ली में पहली बार इतने बड़े स्तर पर कर्मचारी पक्के किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से हमारी सरकार आई है हर वर्ग का ध्यान रखा जा रहा है इसके साथ ही जब से हमारी सरकार आई है बहुत सारे काम हुए हैं। बिजली पानी के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। उनकी देश भर में चर्चा है। आज इन कर्मचारियों को पक्का कर भी बड़ा काम किया जा रहा है। देश में जब कभी सरकारें सरकारी कार्यो को प्राइवेट हाथों में रहे हैं, हम कच्चे कर्मचारियों को पक्का कर रहे हैं। हमारी इच्छा है कि जिन भी विभागों में कच्चे कर्मचारी हैं उन्हें भी पक्का किया जाए। मगर दूसरे विभागों में कर्मचारियों को पक्का किए जाने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है, मगर हमारा प्रयास जारी है। जल बोर्ड में हम इसलिए कर पाए कि क्योंकि जल बोर्ड स्वायत्त संस्था है। बता दें कि दिसंबर, 2021 में दिल्ली जल बोर्ड ने फेलो भर्ती 2021 का नोटिफिकेशन जारी किया था। यहां सीनियर फेलो, फेलो और एसोसिएट फेलो पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को दिल्ली जल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर करना था। इस प्रक्रिया के तहत 30 खाली पदों को भरा जाएगा। बता दें कि सीनियर फेलो पद पर नौकरी पाने वाले उम्मीदवार को हर महीने 2 लाख रुपये का वेतन दिया जाएगा। फेलो पद पर हर महीने 1 लाख 25 हजार रुपये और एसोसिएट फेलो को 75000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

# गौतम बुद्ध नगर जिले मे शान्ति पूर्ण मतदान हुआ

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।**गौतम बुद्ध नगर जिले की सभी तीनों सीटो पर आज बडे ही उत्साह एवं शान्ति पूर्वक के साथ मतदान हुआ । सभी मतदाताओं ने अपने अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए भारी संख्या में घरों से निकलकर मतदान किया । वही सभी पार्टियो के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मतदाताओं की सहायता करते हुये देखे गये । मतदान स्थल पर चुनाव आयोग के सुरक्षाकर्मी मुस्तैद नजर आऐ। थोड़ा बहुत वाद विवाद को छोडकर सभी जगह बहुत शान्ति प्रिय मतदान हुआ । चुनाव के द्वारा बनाए गये पुलिस सेक्टर प्रभारी हर बूथो पर घूम रहे थे ।कहीं भी किसी अप्रिय घटना की जानकारी नही हुई । इस बार का चुनाव कुछ अलग तरीके से दिख रहा था।मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा था एक एक वोट डलवाने के लिये सभी पाटिर्यो के कार्यकर्ता लगे हुए थे। नोएडा विधान सभा मे मे पहली बार मतदान करने वालो के अंदर बहुत उत्साह देखने को मिला । हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल ने पहली बार मतदाताओं से बातचीत भी की जो इतने उत्साह से भरे हुये थे।







# मैहर में कन्या शाला विकास खंड शिक्षा अधिकारी की लड़की की शादी के अवसर पर पलक झपकते ही गायब हुए करीब 20 लाख कीमत के जेवरात

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**मैहर।**जानकारी के मुताबिक देवी जी रोड बड़ा अखाड़ा के सामने स्थित चमेली मैरिज गार्डन में जिस समय वरमाला की रस्म की जा रही थी वही पलक झपकते ही 5 मिनट के अंतराल में चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया इसमें सबसे बड़ा पहलू जो निकल कर सामने यह आया कि शादी विवाह पंडाल होने के बावजूद भी वहां पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है और यही वजह है कि चोरों को ऐसी घटनाओं को अंजाम देने में किसी भी तरह का भय नहीं रहा नियमों के मुताबिक किसी भी मैरिज गार्डन में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा आवश्यक है किंतु शासन की गाइडलाइन के विपरीत चल रहे मैरिज गार्डन में नियमों की अवहेलना सरेआम हो रही है और इसके चलते यह घटना हुई कन्या शाला विकास खंड शिक्षा अधिकारी सीबी सिंह ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त चमेली मैरिज गार्डन में सुरक्षा कि कहीं कोई इंतजाम नहीं थे और इसके कारण उन्हें लाखों रुपए के जेवरात से हाथ धोना पड़ा बैग में 5 तौले का हार, 5 तौले का कंगन, नथ, बेंदी, पायल, अंगूठी,सोने की सलाई कुल कीमत 20 लाख कि।श्री सिंह ने निराशा भरे शब्दों में कहा की प्रशासनिक लापरवाही के चलते ऐसे मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं जरूरी है कि इन पर कार्यवाही होना चाहिए



# प्रत्याशी भी दे रहे नवजोत सिंह सिद्धू के सेलिब्रिटी फेस को झटका, प्रचार के लिए चन्नी की ज्यादा डिमांड

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के सीएम फेस घोषित होने के बाद अब चरणजीत सिंह चननी प्रदेश कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के सेलिब्रिटी फेस को भी मात दे रहे हैं। 2017 में कांग्रेस पार्टी में आने के बाद पार्टी के सभी प्रत्याशियों की डिमांड थी कि सिद्धू उनके यहां प्रचार में आएं, लेकिन इस बार पर लगी है। ऐसे में सिद्धू अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर की गतिविधियों में कम हिस्सा ले रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के पांच दिन का समय बीत चुका है। इसके बावजूद अभी तक नवजोत सिंह सिद्धू अपने विधानसभा क्षेत्र को छोड़ कर किसी और प्रत्याशी के लिए वोट मांगते हुए नहीं दिखाई



डिमांड अलग। प्रत्याशी सिद्धू के बजाय चननी को स्टार कंपनेर मान रहे हैं। चननी की डिमांड सिद्धू से ज्यादा है। चरणजीत सिंह चननी भले ही दो विधानसभा क्षेत्रों चमकौर साहिब और भदौड़ से चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन रोजाना उन्हें चार से पांच विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए जाना पड़ रहा है। इसके विपरीत नवजोत सिंह सिद्धू एक ही विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन वह अपने क्षेत्र से निकल नहीं पा रहे हैं। दरअसल, नवजोत सिंह सिद्धू की अमृतसर पूर्वी सीट पर पूर्व मंत्री शिरोमणि अकाली दल के बिक्रम सिंह मजीठिया उन्हें कड़ी चुनौती देते नजर आ रहे हैं। सिद्धू व मजीठिया का राजनीतिक बैर किसी से छिपा नहीं है। दोनों नेताओं की प्रतिष्ठा दांव दिए है, जबकि टिकट वितरण से पहले सिद्धू एक दिन में दो-दो रैलियां कर रहे थे और प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करते नजर आते थे। टिकट के उम्मीदवारों की पहली पसंद नवजोत सिंह सिद्धू ही हुआ करते थे, लेकिन टिकट वितरण और मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित होने के बाद से ही कांग्रेस की तस्वीर बदली हुई नजर आ रही है। अब चननी पूरे पंजाब का दौरा कर रहे हैं और सिद्धू केवल अमृतसर तक ही सीमित हो गए हैं। पार्टी सीएम फेस के रूप में चरणजीत सिंह चननी के नाम का एलान कर चुकी है। चननी व नवजोत सिंह सिद्धू भले ही स्पष्ट रूप से एक-दूसरे के साथ होने का दावा करते हों, लेकिन सच यही है कि सिद्धू को चननी से कड़ी चुनौती मिली और उन्हें सीएम फेस नहीं बनाया गया।

# राजस्थान विधानसभा बजट सत्र की हंगामेदार शुरुआत, पहले दिन ही सदन में छाया रीट की सीबीआइ जांच का मुद्दा

**जयपुर।** विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हुआ। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सदस्यों को संविधान के मूल पाठ की शपथ दिलाते हुए अभिभाषण की शुरुआत की। भाजपा विधायक रीट की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर हाथों में तख्तियां लिए सदन में पहुंचे। रालोपा विधायक राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान रीट की सीबीआई जांच की मांग को लेकर वेल में आए और सदन से वाकआउट किया। वहीं बीजेपी विधायक राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान करीब एक घंटे तक हाथों में तख्तियां लिए अपनी सीट पर ही खड़े रहें। राज्यपाल ने विपक्ष के सदस्यों से अनुरोध भी किया कि विपक्ष के सदस्यों से मेरा आग्रह है कि वे अपनी सीट पर बैठे, लेकिन विपक्ष ने उनके आग्रह को दरकिनार किया और नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, सतीश पुनिया, राजेन्द्र राठौड़, जोगेश्वर गर्ग सहित अन्य विधायक राज्यपाल के पूरे अभिभाषण के दौरान हाथों में रीट की सीबीआइ जांच हो लिखी तख्तियां हाथों में लेकर अपनी सीट पर ही खड़े रहे। के पहुंचने पर विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक राज्यपाल कलराज मिश्र की अगवानी की।

# जिलाधिकारी ने मतदान मे बढ चढ कर हिस्सा लेने की अपील की

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने लोगों से बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव के लिए थीम मतदान और यादें रखी गई है। इसके लिए जिले में आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की शो विंडो में 50 प्रतिशत तक ही मतदान होता है। जिसे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कोरोना की तीसरी लहर के नियंत्रण पर कहा कि जनवरी संक्रमण के दृष्टिगत बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन लोगों ने टीकाकरण व मास्क और शारीरिक दूरी अपनाकर जल्द ही संक्रमण को मात दे दी।

# पीएम मोदी के पंजाब की कमान संभालने के बाद भाजपा में बढ़ा उत्साह तीन और रैलियां करेंगे


**चंडीगढ़।** पंजाब में राजनीति फिजाओं में धुंध छाई हुई है। कौन सी पार्टी सरकार बनाएगी इसे लेकर तस्वीर अभी भी स्पष्ट नहीं हो पाई है। 2017 की तरह इस बार कोई लहर नहीं दिखाई दे रही है। कांग्रेस, अकाली दल और आम आदमी पार्टी एक-दूसरे से गुत्थम-गुत्था हो रहे हैं तो भारतीय जनता पार्टी अखबारों की सुखिऱ्यां तक नहीं बटोर पा रही है। अकाली दल से अलग होकर पंजाब लोक कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल संयुक्त के साथ गठबंधन करके पहली बार राज्य की 73 सीटों पर कमल के फूल के निशान पर चुनाव लड़ रही भाजपा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर ही भरोसा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पंजाब चुनाव की कमान संभाल ली है। प्रधानमंत्री द्वारा पंजाब में भाजपा को सबसे भरोसेमंद पार्टी बताने और चार दिन के बीच तीन रैलियां करने की घोषणा ने भाजपा में जान फूंक दी है। वहीं, प्रधानमंत्री द्वारा यह कहा जाना कि अब अकाली दल के साथ भाजपा के गठजोड़ की संभावना कम ही है, को भाजपा की स्पष्ट लकीर माना जा रहा है। अभी तक गाहे-बगाहे यह चर्चा चली आ रही थी कि गठबंधन भले ही टूट गया हो लेकिन चुनाव के बाद जरूरत पड़ी तो दोनों पाटिऱ्यों फिर से एक साथ हो सकती है। लोगों के बीच इस शंका का लाभ अभी तक कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को मिल लेकिन प्रधानमंत्री ने अब खुद ही इस बात को स्पष्ट करके लोगों के मन की दुविधा को दूर कर दिया है।


# पंजाब कांग्रेस में थम नहीं रहा घमासान

**चंडीगढ़।** पंजाब में कांग्रेस की कलह थमने के बजाय बढ़ रही है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य शमशेर सिंह दूलों ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कांग्रेस के टिकट आबंटन में धांधली का आरोप लगाते हुए इसकी अपने स्तर पर जांच करवाने की मांग की है। दूलों से पहले कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह डिंपा भी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं। शमशेर सिंह दूलों ने कहा कि कांग्रेस के टिकट आबंटन में भारी फर्जीवाड़ा हुआ है, जो लोग पार्टी के प्राइमरी सदस्य भी नहीं थे उन्हें टिकट दे दिया गया है। दूलों ने कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी तथा स्क्रीनिंग कमेटी की कार्यशैली पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जिन लोगों पर स्कालरशिप घोटाले के आरोप थे।

# पंजाब की सियासत में सुनील जाखड़ पर सस्पेंस, भाजपा ने पूछा- चुनावी जंग बीच में क्यों छोड़ गए

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस द्वारा चुनाव प्रचार कमेटी के चेयरमैन सुनील जाखड़ के अचानक सक्रिय





राजनीति से अलग होने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस कदम के बाद सुनील जाखड़ के संन्यास और अगले कदम को लेकर सस्पेंस गहराता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने पूरे मामल में कांग्रेस पर सवाल उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री और पंजाब भाजपा प्रभारी गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस से पूछा है कि आखिर जाखड़ ऐन मौके पर चुनावी जंग से अलग क्यों हुए। शेखावत का कहना है कि जाखड़ के सक्रिय राजनीति से संन्यास पर का मुख्य कारण उन्हें अपनी ही पार्टी द्वारा एक हिंदू होने के चलते पंजाब का मुख्यमंत्री बनाने से इनकार करना है। इसने उन्हें (सुनील जाखड़ को) बहुत दुःख पहुंचा। उन्होंने कहा कि पहले हमें यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि ज्यादातर सिख विधायकों ने मुख्यमंत्री के रूप में जाखड़ की नियुक्ति का समर्थन किया था, लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें हिंदू होने के कारण नियुक्त करने से इनकार कर दिया। दोष पंजाब के लोगों का नहीं बल्कि कांग्रेस आलाकमान का है, जो लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटना चाहता है। शेखावत ने कहा कि मुद्दा सिर्फ यह नहीं है कि आप किसे मुख्यमंत्री बना रहे हैं, बल्कि असली मुद्दा यह है कि आपने किसी को मुख्यमंत्री बनाने से इनकार कर दिया, क्योंकि वह एक हिंदू है। कांग्रेस ने यह भी नहीं देखा कि उसकी कई पीढियां आपके साथ जुड़ी हुई थी और उसके परिवार का पार्टी के प्रति योगदान था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहले से ही भंडाफोड़ हो गया है और वह पंजाब में दौड़ से बाहर है, क्योंकि उसके कमांडर (प्रचार समिति के प्रमुख) उस लड़ाई से हट गए हैं। इसके लिए कांग्रेस को पंजाब के लोगों और विशेष रूप से अपने कार्यकर्ताओं स्पष्टीकरण देना चाहिए कि क्यों जाखड़ को सक्रिय राजनीति से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जाखड़ को बार-बार मुख्यमंत्री पद से केवल इसलिए वंचित कर दिया गया, क्योंकि वह एक हिंदू थे।

# लालू यादव की अध्यक्षता में राजद की बैठक शुरू; मीसा भारती, तेजस्वी या तेज प्रताप किसका बढ़ेगा कद


**पटना।** बिहार के प्रमुख विपक्षी दल राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू हो चुकी है। यह राष्ट्रीय जनता दल में सांगठनिक बदलाव का भी मौका है। राजद सुप्रीमो लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती के साथ ही दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव भी इसमें शामिल हो रहे हैं। इन तीनों के समर्थकों की चाहत है कि सांगठनिक चुनावों के जरिए उनके चहेते नेता की ताकत बढ़े। कुछ लोग कयास इस बात के भी लगा रहे थे कि लालू राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद तेजस्वी को सौंप सकते हैं, लेकिन इसके संकेत नहीं हैं। इस बीच बैठक से ठीक पहले प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में एक बड़ा बयान दिया है। राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अगले सत्र ( 2022 - 20025 ) के संगठनात्मक चुनाव कराने के लिए उदय नारायण चौधरी को राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी एवं चित्तरंजन गगन को सहायक राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की अनुमति से उतर प्रदेश राजद के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह द्वारा संबंधित



प्रस्ताव किया गया जिसे कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। 12 फरवरी से शुरू होगा सदस्यता अभियान। पटना में लालू प्रसाद की अध्यक्षता में राजद की बैठक जारी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत 26 प्रदेशों के करीब तीन सौ पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। कार्यकारिणी के सदस्य, स्थायी आमंत्रित और विशेष आमंत्रित सदस्यों को भी बुलाया गया है। फिलहाल लालू प्रसाद यादव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तो जगदानंद सिंह प्रदेश अध्यक्ष बने हुए हैं। इन दोनों महत्वपूर्ण पदों पर बदलाव के कयास भी लगाए जा रहे थे, लेकिन लालू ने साफ संकेत दिए हैं कि वे पार्टी के अध्यक्ष बने रहेंगे। राजद में प्रत्येक तीन वर्ष पर होने वाले सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो अगले छह-सात महीने तक चलेगी। इसी दौरान राजद के सघन सदस्यता अभियान के शुरू होने की तिथि भी तय होनी है। दोपहर 12 बजे से पटना में हो रही इस बैठक की अध्यक्षता लालू प्रसाद कर रहे हैं। इसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत ने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, स्थायी आमंत्रित और विशेष आमंत्रित सदस्यों को बुलाया गया है। मेजबानी का जिम्मा प्रदेश इकाई पर है। बैठक से एक दिन पहले राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, श्याम रजक, उदय नारायण चौधरी, वृषण पटेल, तनवीर हसन, प्रेम कुमार मणि, प्रदेश के प्रधान महासचिव आलोक मेहता एवं सुनील कुमार सिंह ने विभिन्न समितियों के सदस्यों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

# अपने पिछले रिलेशनशिप पर एजाज खान ने किया खुलासा, कहा- 'मुझे अफसोस है कि मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को धोखा दिया'

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता और बिग बॉस 14 के कंटेस्टेंट एजाज खान इन दिनों अपनी जिंदगी के अच्छे दौर से गुजर रहे हैं। जहां उन्हें एक बार फिर से अच्छे



प्रोजेक्ट्स हाथ लग रहे हैं, वहीं वह गर्लफ्रेंड पवित्रा पुनिया के साथ अपनी प्यार भरी जिंदगी शानदार तरीके से जी रहे हैं, अब एजाज खान ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को धोखा दिया था और उन्हें इस बात की कोई मलाल नहीं ह एजाज खान ने हाल ही में अंग्रेजी वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपने फिल्मी करियर के अलावा निजी जिंदगी को लेकर भी ढेर सारी बातें कीं। एजाज खान ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को धोखा दिया था। वह लड़की फिल्म इंडस्ट्री से बिल्कुल भी तालूक नहीं रखती थीं। इस बारे में एजाज खान ने बिग बॉस 14 के घर में भी बताया था और अपनी गलती मानी थी और कहा था उन्हें इस चीज का मलाला नहीं है। एजाज खान ने कहा, मैं उन सभी पोर्टलों को बताना चाहता हूं जो मेरा नाम एक अन्य लड़की के साथ जोड़ रहे और कह रहे हैं कि मैंने उसे धोखा देना स्वीकार किया है, यह गलत है। 'जज बात' (टीवी शो) पर एक बार मुझसे पूछा गया, 'तुम्हारा सबसे बड़ा अफसोस क्या है उस समय मैंने कहा था कि मुझे अफसोस है कि एक बार मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को धोखा दिया। मैंने किसी का नाम नहीं लिया। अब, मैं यह स्पष्ट कर दूं कि वह लड़की (एक्स गर्लफ्रेंड) इंडस्ट्री का हिस्सा नहीं है। वह लड़की सार्वजनिक डोमेन का हिस्सा है या नहीं है या कभी नहीं होगी। इसलिए मैंने उसका नाम नहीं लिया।' एजाज खान ने आगे कहा, 'कुछ न्यूज पोर्टल्स अनुमान लगाने लगे। और, मैंने कहा, 'यह सब क्या बकवास है मैंने कोई नाम नहीं लिया।' इसलिए, मैंने इसे बिग बॉस में क्यों स्वीकार किया, क्योंकि मैं एक ऐसे समय में मूर्खों के स्वर्ग में रह रहा था, जहां मैं अपनी सभी गलतियों को सही ठहरा रहा था। करके, उनके बारे में कुछ करके और गलती को न दोहराकर।' अभिनेता ने अपनी बात की खत्म करते हुए आगे कहा, 'मैं एक सार्वजनिक मंच पर था, मैंने अपनी गलती स्वीकार कर ली। मैंने कोई नाम नहीं लिया और जो नाम आप (मनोरंजन पोर्टल) ले रहे हैं, वे सभी गलत हैं और मुझे यह मेरे लिए बहुत अपमानजनक लगता है। हर दूसरे दिन एक पोर्टल मेरा नाम और फिर दूसरा नाम सामने लाता है, जो गलत है।' इसके अलावा एजाज खान ने और भी ढेर सारी बातें कीं।

# लव हॉस्टल' में बॉबी देओल का यह अवतार देख आश्रम के 'बाबा निराला' को भूल जाएंगे, अब तक का सबसे खतरनाक लुक

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र के छोटे बेटे बॉबी देओल अपने करियर की इस पारी में काफी सजगता के साथ फिल्मों और किरदारों का चयन कर रहे हैं। कभी चॉकलेटी ब्वॉय और डांसर के तौर पर बॉलीवुड में अपनी पारी शुरू करने वाले बॉबी का पहला पोस्टर रिलीज किया गया, जिसमें बॉबी का लुक उनके बदले हुए तेवरों और कैरेक्टर च्वाइसेज को दिखा रहा है। लव हॉस्टल एक प्रेम कहानी है, जिसमें विक्रांत मैसी और सान्या मल्होत्रा प्रेमी-प्रेमिका के किरदारों में हैं। उत्तर



का ट्रांसफॉर्मेशन उनके किरदारों के जरिए सामने आ रहा है। बॉबी की आने वाली फिल्म लव हॉस्टल इसकी मिसाल है, जो जी5 पर रिलीज हो रही है। इस फिल्म में बॉबी डागर नाम के एक मर्सिनरी के किरदार में हैं और उनका लुक देखकर उनके फैंस को जोर का झटका लगेगा। बुधवार को फिल्म प्रदेश की पृष्ठभूमि में सेट इस कहानी में बॉबी एक तरह के प्यार के दुश्मन बने हैं, जो सुरक्षित पनाह की तलाश में भाग रहे विक्रांत और सान्या के पीछे पड़ जाता है। इस फिल्म का निर्देशन शंकर रमन ने किया है, जो इससे पहले गुड़गांव जैसी फिल्म बना चुके हैं। कास्टिंग प्रक्रिया के बारे में चर्चा करते हुए शंकर कहते हैं- सान्या और विक्रांत आसान चॉइस थे। उनका काम बहुत कुछ कहता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें स्क्रिप्ट पसंद आई। ऐसे अभिनेताओं के साथ काम करना हमेशा खुशी की बात होती है जो लिखित शब्द को पसंद करते हैं। उनके साथ रहना आसान है। वे ओपन, पार्टिसिपेटिव और पैशनेट हैं। बॉबी के बारे में शंकर कहते हैं रेड चिलीज के गौरव वर्मा ने सुझाव दिया कि हम बॉबी को स्क्रिप्ट सुना सकते हैं।मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छे सुझावों में से एक था। बॉबी ने हमें बहुत अच्छा फीडबैक दिया, लेकिन वह खुद नहीं जानते थे कि वह ये करना चाहते हैं या नहीं। हम वापस गए और दूसरा ड्राफ्ट लिखा और उसके बाद ही उन्होंने हां कहा। बता दें,लव हॉस्टल को शाह रुख खान की कम्पनी रेड चिलीज ने प्रोड्यूस किया है। शंकर कहते हैं कि बॉबी पूरे कमिटमेंट के साथ भूमिका में क्रेडिबिलिटी ले कर आये हैं। 'लव हॉस्टल' 25 फरवरी से ज़ी5 पर स्ट्रीम होगी।

# आदित्य पंचोली पर फिर लगा मारपीट करने का आरोप, निर्माता सैम फर्नांडिस ने दर्ज कराई शिकायत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली और फिल्म निर्माता सैम फर्नांडिस ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है वहीं दोनों के बीच मारपीट भी होने की खबरें है एनएनआई के अनुसार सैम फर्नांडिस ने मुंबई के जुहू पुलिस स्टेशन में आदित्य



पंचोली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि आदित्य पंचोली उन्हें परेशान कर रहे हैं, धमका रहे हैं और एक होटल में उनके साथ मारपीट भी हैंत् वहीं आदित्य पंचोली ने भी सैम फर्नांडिस के खिलाफ क्रॉस कंप्लेंट की है खबरों के अनुसार आदित्य पंचोली सैम फर्नांडिस पर दबाव डाल रहे हैं कि वह उनके बेटे सूरज पंचोली को अपनी आगामी फिल्म हवा सिंह में लें दरअसल 2019 में सैम फर्नांडिस ने सूरज पंचोली को लेकर फिल्म बनाने की घोषणा की थी उन्होंने 12 दिन की शूटिंग भी की हालांकि कोरोना वायरस का लॉकडाउन के कारण अब निर्माता सूरज पंचोली को लेकर फिल्म नहीं बनाना चाहते निर्माता ने इस बारे में आदित्य पंचोली को बता दिया है हालांकि उन्होंने सूरज को फिल्म में रखने का दवाब डालात् अब दोनों के बीच विवाद बढ़ गया है आदित्य पंचोली ने भी सैम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई हैत् आदित्य पंचोली इसके पहले भी विवादों में रहे हैं उनका कंगना रनोट से विवाद चल रहा है उनपर कई अन्य लोगों से भी मारपीट करने का आरोप लगता रहा है। आदित्य पंचोली फिल्म अभिनेता है उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है आदित्य सूरज पंचोली के पिता भी हैं। आदित्य पंचोली बॉलीवुड के कई कलाकारों के साथ काम कर चुके है वह सलमान खान के अच्छे दोस्त भी है ।

# प्रेग्नेंट काजल अग्रवाल ने 'बॉडी शेमिंग' करने वालों की लगाई क्लास, सामंथा ने भी दिया एक्ट्रेस का साथ


**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां अमिताभ बच्चन से लेकर शाह रुख खान तक किसी को बख्शा नहीं जाता। ट्रोल्स किसी को भी निशाने पर ले सकते हैं और ये बहुत निर्मम हैं। इस बार ट्रोल्स ने 'सिंघम' एक्ट्रेस काजल अग्रवाल को नशाना बना लिया। काजल और उनके पति गौतम किचलू इन दिनों अपने पहले



बच्चे का स्वागत करने के लिए बेताब हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अपने पति संग छुट्टियां मनाने दुबई गईं थीं। उन्होंने वहां से कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं, इन्हीं तस्वीरों के चलते अब सोशल मीडिया पर प्रेग्नेंसी वेट' को लेकर लोग उल्टा सीधा लिख रहे हैं एक्ट्रेस काजल अग्रवाल की तस्वीरों पर लोग प्रेग्नेसी के दौरान उनके बढ़े हुए वेट को लेकर कमेंट कर रहे हैं। लोगों ने बकायदा एक्ट्रेस की बॉडी शेमिंग की, जिसे देख काजल भड़क गईं। अपनी लिए इतने निगेटिव कमेंट्स देखने के बाद उन्होंने इसका करारा जवाब दिया और इसमें उन्हें साथ मिला साउथ एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभू । सामंथा और राशी खन्न ने काजल का स्पोर्ट किय काजल अग्रवाल ने अपने इंस्टा से एक तस्वीरें शेयर की और ट्रोल्स को जवाब देते हुए कैप्शन में लिखा था 'मैं अपनी जिंदगी में सबसे खूबसूरत डेवलेप्मेंट के साथ डील कर रही हूं। मेरी बॉडी, मेरा घर और सबसे जरूरी मेरा वर्क प्लेस। इस तरह के मीम्स, सर्टेन कमेंट्स या बॉडीशेमिंग मेरा कुछ नहीं करने वाले। थोड़ा दयालू होना सीखें। अगर ये आपके लिए मुश्किल है तो अपनी जिंदगी जीना सीखें और दूसरों को भी जीने दें।' उन्होंने आगे लिखा- 'बच्चे को जन्म देने के बाद हम बेशक पहले की तरह बनने में वक्त लेते हैं। या फिर ऐसा भी होता है कि हम कभी पहले जैसे नहीं बन पाते, जैसे प्रेग्नेसी से पहले लगते थे। तो क्या हुआ कोई बात नहीं, ये बदलाव नेचुरल हैं। हम अपनी जिंदगी में नई नई चीजों के साथ बदल रहे हैं। खास तौर पर जब आपकी जिंदगी में एक नन्हा मेहमान आता है। तो हमें अबनॉर्मल होने की फीलिंग नहीं रखनी चाहिए। हमें उस स्टीरियोटाइप में हमेशा बंधे रहने की जरूरत नहीं है। हमें अनकंफर्टेबल होने की जरूरत नहीं है, ये जिंदगा का सबसे खूबसूरत लम्हा है, आप सभी को अपना प्यार भेज रही हूं।काजल अग्रवाल के इस पोस्ट पर उनकी को-स्टार सामंथा रुथ प्रभु ने कमेंट करते हुए लिखा,'तुम हो और हमेशा खूबसूरत रहोगी।' तो राशी ने इस पोस्ट पर हार्ट इमोजी शेयर किया, और अपनी दोस्त का साथ दिया।बता दें कि काजल अग्रवाल के घर जल्द ही किलकारी गूंजने वाली है।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की बबीता जी से जब शख्स ने पूछा- 'एक रात का कितना', भड़कीं मुनमुन दत्ता ने जमकर दीं गालियां


**नई दिल्ली।** मुनमुन दत्ता फिछले 13 सालों से पॉपुलर सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभा दर्शकों का दिल जीत रहीं हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 6.7 मिलियन से अधिक फॉलोवर्स हैं। वैसे तो मुनमुन सोशल मीडिया क्वीन हैं, पर ट्रोल्स इन्हें भी नहीं छोड़ते। एक बार तो मुनमुन को इतने अपमानजनक शब्द सुनने को मिले कि उन्होंने आपा खो दिया। और उल्टा सीधा बोलने वालों पर जमकर भड़कीं। दरअसल, 2018 में, मुनमुन दत्ता ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सेट से पीले घाघरा चोली में अपनी एक सुंदर तस्वीर शेयर की थी। जब उन्हें प्रशंसकों की तरफ से प्यार की बौछार की जा रही थी, तो एक ट्रोल ने उनकी पोस्ट पर एक भद्दी टिप्पणी की थी। इसके बाद एक्ट्रेस और उनके फैंस भड़क गए। ट्रोल ने मुनमुन की फोटो पर कमेंट करते हुए पूछा, 'एक रात का कितना।' खैर, मुनमुन ने ट्रोल को जमकर फटकार लगाई जिसे वो जिंदगीभर याद रखेगा हालाँकि हमने मुनमुन दत्ता को कैमरे पर कभी अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते नहीं देखा है, लेकिन इस कमेंट पर मुनमुन ने अपना आपा खो दिया, उन्होंने इस कमेंट पर जमकर गालियां दी। उन्होंने लिखा कि तुझे ब्लॉक करने से पहले तेरी औकात दिखानी थी। अगर आप बहादुर हैं, तो आगे आओ और बात करो। और एक बात, मुझे लगा कि यह बेहतर है मैं तुम्हें ब्लॉक करने से पहले तुम्हें तुम्हारी औकात दिखा दूं। समझ गए तुम अनपढ़ आदमी



अब अपने बदसूरत चेहरे के साथ यहां से जाओ और कहीं और गंदगी फैलाओ।' बता दें कि एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने चाहने वालों का दिल जीतना जानतीं हैं। वो अक्सर फोटोज और रील शेयर करती रहतीं हैं। फैंस भी मुनमुन की हर तस्वीर और वीडियो पर अपनी प्यार लुटाते हैं। फिलहाल एक्ट्रेस एक पुराने बयान को लेकर विवादों में घिरीं हुई हैं।

# गहराइयां' के गाने में दीपिका-सिद्धांत की 'बेकाबू' कैमिस्ट्री देख यूजर्स को हुई रणवीर सिंह की फिक्र, बोले- भाई का क्या होगा

**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण की फिल्म गहराइयां इन दिनों सोशल मीडिया में खूब सुर्खियां बटोर रही है। जब से फिल्म का ट्रेलर आया सोशल मीडिया में शेयर किया, जिस पर फैंस और फॉलोअर्स दिलचस्प कमेंट्स दे रहे हैं। गहराइयां एक इमोशनल-रोमांटिक ड्रामा है, जो



है, दीपिका और सिद्धांत चतुर्वेदी के बीच हॉट कैमिस्ट्री लगातार चर्चा में है। अब फिल्म के नये गाने बेकाबू में तो जैसे दोनों ने हदों को पार कर लिया है। फिल्म की रिलीज से दो दिन पहले आये इस गाने में दीपिका और सिद्धांत के बीच जबरदस्त रोमांटिक दृश्यों को दिखाया गया है। दीपिका ने टीजर रिश्तों की उलझनों को दिखाती है। फिल्म 11 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है। शकुन बत्रा निर्देशित फिल्म में दीपिका और सिद्धांत के साथ अनन्या पांडेय और धैर्य कारवा लीड रोल्स में हैं। फिल्म इन्हीं चारों कलाकारों द्वारा निभाये गये किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है। बेकाबू गाना पूरी तरह से दीपिका और सिद्धांत के किरदारों की भावनात्मक इंटेंसिटी के साथ रिश्ते को लेकर असमंजस को दिखाता है। हालांकि, गाने के दृश्यों को देखकर ऐसा लगता है कि तमाम असमंजस के बावजूद दोनों खुद को रोक नहीं पाते। गाने के टीजर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। कई यूजर्स ने कमेंट भी किये हैं। कुछ कमेंट्स दिलचस्प हैं। दीपिका और सिद्धांत की कैमिस्ट्री देख लोगों ने मजाक किया कि अब रणवीर का क्या होगा। एक और यूजर ने लिखा- हो गया डाइवोर्स। वहीं, तमाम यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्होंने गाने को दिल और फायर की इमोजी बनाकर अपना प्यार जता रहे हैं। वैसे, आपको याद होगा, कुछ साल पहले सोशल मीडिया में कुछ ऐसा ही माहौल तब बना था, जब करण जौहर की फिल्म ऐ दिल है मुश्किल रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय बच्चन और रणबीर कपूर की कैमिस्ट्री गानों, ट्रेलर और तस्वीरों के जरिए सामने आयी तो लोग हैरान रह गये थे। फिल्म ने ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था।

# राखी सावंत ने खुद को बताया सलमान खान की बहन, कहा- उनकी जैसी बड़ी कार इस्तेमाल नहीं कर सकती

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 15 की एक्स कंटेस्टेंट राखी सावंत को एंटरटेनर के रूप में देखा जाता है। सलमान खान ने भी राखी सावंत को टेलीविजन की सबसे बड़ी एंटरटेनर बताते हुए उनके फिल्मी





सफर की खूब तारीफ की। जब राखी सावंत बिग बॉस के घर के अंदर थीं उस दौरान भी सलमान खान उनका कई बार सहयोग करते हुए नजर आए। राखी सावंत बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद किसी न किसी वजह से लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में राखी सावंत ने सलमान खान की तारीफ करते हुए बॉलीवुड के दबंग खान को अपना भाई बताया। दरअसल पिछले कुछ समय से राखी सावंत नई गाड़ी लेने की प्लानिंग कर रही हैं। हाल ही में वह मर्सडीज देखने के लिए पहुंची थीं। लेकिन महंगी होने की वजह से राखी सावंत ने अपना मन बदल दिया। जब राखी सावंत से इस बारे में पूछा गया तो राखी सावंत ने सलमान खान का नाम लेते हुए कहा कि हम उनकी तरह इतनी महंगी कार नहीं ले सकते। इस वीडियो को विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में राखी ने कहा 'मैं सिर्फ ये देखने गई थी कि मैं ये कार खरीद सकती हूं या नहीं। लेकिन 60 लाख की कार कौन लेगा। मैं सलमान खान की बहन हूं, दोस्त हूं कलीग हूं, लेकिन सलमान खान नहीं हूं जो इतनी बड़ी कार खरीद सकती हूं'। राखी सावंत ने आगे कहा, 'हम लोग ऑटो में घूमने वाले लोग हैं। मेरी ये लाल कार भी अच्छी है। भगवान ने हाथ-पैर दिए हैं उतना ही काफी हैं। मेरे आंसू निकल जाते हैं उन्हें देखकर जिनके हाथ-पैर भी नहीं होते'। बस मेरे साथ हमेशा माता-पिता की दुआ बनी रहें'। आपको बता दें कि बिग बॉस 15 में राखी सावंत ने बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थीं। उनके घर में आने से सिर्फ दर्शक ही नहीं बल्कि खुद बॉलीवुड के दबंग सलमान खान भी काफी खुश हुए थे। वह अक्सर राखी सावंत के साथ मजाक मस्ती करते हुए नजर आते थे। राखी सावंत काफी सालों से मनोरंजन जगत का हिस्सा हैं। उन्होंने कई फिल्मों और कई स्पेशल गाने किए हैं। सलमान खान ने बिग बॉस 15 में सभी कंटेस्टेंट्स और मेहमानों के सामने भी राखी सावंत के हार्ड वर्क की खूब सराहना की थी। रिपोर्ट्स की माने तो जब राखी की मां बीमार थीं तो उस दौरान भी सलमान खान ने राखी की मां के इलाज में उनकी मदद की थी। राखी सावंत का ये अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

# नागिन अदा खान ने डीप नेक ब्लाउज पहन दिया 'बोल्ड' पोज, तस्वीरें देख फैंस के छूटे पसीने

**नई दिल्ली।** अदा खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है इसमें उन्हें ब्लैक कलर की डीप नेक प्लंजिंग ब्लाउज पहने हुए देखा जा सकता है उन्होंने ब्लैक कलर की साड़ी पहन रखी है और वह अपनी आगामी शो के लिए इंटरव्यू देने के लिए तैयार नजर आ आ रही है अदा खान ने एक बोल्ड सेल्फी वीडियो बनाया है इसमें वह डीप नेक ब्लाउज पहने बोल्ड पोज दे रही हैत् इसमें उनके क्लीवेज भी देखी जा सकती है उन्होंने मेकअप कर रखा है उन्होंने लिपस्टिक लगा रखी है उन्होंने अपने बाल बांध रखे हैं और वह कैमरे की ओर देखकर बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही है अदा खान जल्द शुभ मंगल दंगल शो में नजर आएंगी इसके अलावा उनका जल्द नया गाना आराम दे रिलीज होने वाला है इस गाने का टीजर रिलीज कर दिया गया है इसमें वह काफी बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही है इसमें उन्होंने रेड कलर की डीप नेक गाउन पहन रखी है अदा खान जल्द नागिन 6 में नजर आने वाली है उन्होंने इस बात की घोषणा कर दी है अदा खान सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें शेयर करती हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद करते हैं अदा खान की बोल्ड तस्वीरें काफी वायरल होती है।

# दिव्या अग्रवाल ने शेयर की सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड पिक्चर, बॉयफ्रेंड वरुण सूद ने किया ऐसा रिएक्शन

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी विजेता दिव्या अग्रवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से अपने प्रशंसकों को हैरान कर देती हैं। हाल ही में दिव्या अग्रवाल ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का तामपान बढ़ा दिया है। फैंस को खूबसूरत अभिनेत्री का ये दिलकश अंदाज खूब पसंद आ रहा है। दिव्या फिगर और स्वैग देखने लायक है। लॉन्ग स्ट्रेट हेयर, लाइट लिपस्टिक, स्मोकी आईमेकअप उनके लुक को कम्प्लीट कर रहे हैं। क्रीम रंग की बिकनी में दिव्या अग्रवाल का लुक देखते ही बन रहा है। दिव्या अग्रवाल का सिम्पल लुक है, लेकिन वह काफी खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपनी इन तस्वीरों को कैप्शन देते हुए लिखा, 'पोस्ट अ थ्रेट'। दिव्या अग्रवाल के इस लुक को



देखने के बाद वरुण सूद भी खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पाए। उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड दिव्या अग्रवाल की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'स्टॉप, स्टॉप, स्टॉप'। वरुण के अलावा दिव्या के किसी फैन ने उनकी इन तस्वीरों को हॉट बताया तो वहीं किसी ने उनकी तस्वीर पर कमेंट करते हुए खूबसूरत लिखा। कुछ फैंस ने तो उनकी तस्वीरों पर फायर और हार्ट वाले इमोजी भी पोस्ट किए। दिव्या अग्रवाल और वरुण सूद चार साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इन दोनों की मुलाकात एस ऑफ स्पेस सीजन 1 के दौरान हुई थी। दिव्या और वरुण ने विकास गुप्ता के रिएलिटी शो में एक-साथ एंट्री ली थी। उसी दौरान वरुण सूद ने दिव्या अग्रवाल से अपने प्यार का इजहार किया था। दिव्या ने एस ऑफ स्पेस के सीजन 1 की ट्रॉफी अपने नाम की थी। दिव्या को रिएलिटी शोज की क्वीन भी कहा जाता है। रिएलिटी शोज के अलावा दिव्या अग्रवाल कई वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।